# कमिश्नर एवं एडीजीपी ने पॉलीटेक्निक कॉलेज पहुंचकर चुनाव सामग्री वितरण व्यवस्थाओं का लिया जायजा





(ब्यूरो राजेश शिवहरे)

**अनूपपुर।** कमिश्नर शहडोल संभाग बी.एस. जामोद तथा शहडोल पुलिस जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डी.सी. सागर ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जिला मुख्यालय अनूपपुर स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज से अनूपपुर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के मतदान दलों को सामग्री वितरण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा शहडोल संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफीसर आशीष वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार, अपर कलेक्टर अमन वैष्णव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, सहायक कलेक्टर महिपाल सिंह गुर्जर, संयुक्त कलेक्टर दिलीप पाण्डेय, एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा सहित सर्व संबंधित जन उपस्थित थे।

कमिश्नर बी.एस. जामोद ने मतदान दलों को सुगमतापूर्वक चुनाव सामग्री वितरण की व्यवस्था के संबंध में दिशानिर्देश दिए। एडीजीपी डी.सी. सागर ने मतदान दलों के लिए वाहन व्यवस्था तथा सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने 100 प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित करने के मतदाता जागरूकता के सार्थक प्रयास पर बल दिया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा शहडोल संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफीसर आशीष वशिष्ठ ने जिले के विधानसभा क्षेत्रवार मतदान सामग्री वितरण व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी।

## अस्थाई कार्यालय में एक झण्डा और एक बैनर ही लगा सकेगा

**राजगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान स्थानीय स्तर पर खोले जाने वाले अस्थाई कार्यालय में केवल एक झण्डा और 4 गुना 8 फीट के आकार का एक बैनर ही लगा सकेगा। अभ्यर्थियों को ऐसे अस्थाई कार्यालय खोलने के पहले विधिवत अनुमति भी प्राप्त करनी होगी।

निर्वाचन आयोग के मुताबिक अभ्यर्थियों को अस्थाई कार्यालय की अनुमति इस आधार पर दी जा सकेगी कि ऐसा कार्यालय सार्वजनिक या निजी सम्पत्ति पर अतिक्रमण कर नहीं खोला जायेगा। अस्थाई कार्यालय किसी भी धार्मिक स्थान या धार्मिक स्थल के परिसर तथा शैक्षणिक संस्थान और अस्पतालों में भी नहीं खोला जा सकेगा। उम्मीदवार अपना अस्थाई कार्यालय मौजूदा मतदान केन्द्रों से 200 मीटर के दायरे में भी नहीं खोल सकेंगे। निर्वाचन आयोग के मुताबिक अस्थाई कार्यालय में लगाये जाने वाले झण्डे और बैनर में अभ्यर्थी केवल पार्टी का प्रतीक अथवा फोटोग्राफ ही लगा सकेगा।

## शहडोल संसदीय क्षेत्र के विधानसभाओं के लिए

# प्रेक्षक की उपस्थिति में अनूपपुर एवं शहडोल जिले के मतदान दल व माईक्रो ऑब्जर्वर का तृतीय रेण्डमाईजेशन सम्पन्न

( ब्यूरो राजेश शिवहरे)

**अनूपपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक शांतनु गोतमारे तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एवं 12 (अ.ज.जा.) शहडोल संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफीसर आशीष वशिष्ठ तथा अनूपपुर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों व शहडोल जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों के सहायक रिटर्निंग ऑफीसर/एसडीएम की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में शहडोल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्र 84-जयसिंहनगर, 85-जैतपुर, 86-कोतमा, 87-अनूपपुर, 88-पुष्पराजगढ़ के मतदान दलों व माइक्रो ऑब्जर्वर का भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित सॉफ्टवेयर से तृतीय रेण्डमाईजेशन किया गया। रेण्डमाईजेशन के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व उप जिला निर्वाचन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, सहायक कलेक्टर महिपाल सिंह गुर्जर व सर्व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। रेण्डमाईजेशन का कार्य अनूपपुर एवं शहडोल जिले के जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी द्वारा सम्पन्न कराया गया।



# कमिश्नर, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की वर्चुअल जूम मीटिंग

**अनूपपुर।** 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव 2024 को दृष्टिगत रखते हुए कमिश्नर एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल द्वारा संभाग के सभी जिलों में बल एवं निर्वाचन संबंधित सामग्री के वितरण संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सभी जगह उत्कृष्ट व्यवस्था पाई गई। इसके साथ ही शहडोल संभाग के वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की वर्चुअल जूम मीटिंग निम्न विषयों 1. कानून व्यवस्था की स्थिति 2. लोकसभा चुनाव से संबंधित जिलास्तर पर सभी तैयारियां 3. ECI की SVEEP कार्यक्रम एवं गतिविधियां 4. भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान कराने के लिए कारगर रणनीति 5. शहडोल संभाग में 100 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मतदाताओं में मतदान के प्रति उत्साह एवं उमंग सृजित करने के लिए नारा दिया गया जो इस प्रकार है '100 प्रतिशत मतदान आंधी आये या तूफान' पर उपरोक्त वर्चुअल मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग में रेंज डी.आई.जी., तीनों जिले के डी.एम., पुलिस अधीक्षक, सी.ई.ओ. जिला पंचायत, जिला चुनाव प्रभारियों द्वारा 100 प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराये जाने हेतु प्रतिबद्धता जाहिर की गई।

## राम जानकी मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने किया पुजारी का अभिनंदन

**अनूपपुर।** रामनवमी मनाने के उपरांत रामजानकी मंदिर में संतोष अग्रवाल एडवोकेट एवं राजा बियानी ने पुजारी का शॉल श्रीफल देकर सम्मान किया। उक्त अवसर पर रामजानकी मंदिर ट्रस्ट के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## चौथे चरण के लिए 18 अप्रैल से भरे जायेंगे नाम निर्देशन-पत्र

**इन्दौर।** लोकसभा निर्वाचन - 2024 के तहत मध्यप्रदेश में 4 चरणों में लोकसभा चुनाव होने हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि चौथे चरण में मध्यप्रदेश के 8 लोकसभा क्षेत्रों में 18 अप्रैल से नाम निर्देशन-पत्र भरे जायेंगे। उन्होंने बताया कि चौथे चरण में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक- 21 देवास (अजा), क्रमांक-22 उज्जैन (अजा), क्रमांक-23 मंदसौर, क्रमांक-24 रतलाम (अजजा), क्रमांक-25 धार (अजजा), क्रमांक-26 इंदौर, क्रमांक-27 खरगौन (अजजा) एवं क्रमांक-28 खण्डवा में मतदान कराया जायेगा। चौथे चरण के लिए निर्वाचन की अधिसूचना गुरूवार, 18 अप्रैल को जारी होगी। प्रत्याशियों द्वारा इसी दिन से नाम निर्देशन-पत्र दाखिल किये जाएंगे। नाम निर्देशन-पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि गुरूवार, 25 अप्रैल है। इसके अगले दिन शुक्रवार, 26 अप्रैल को नाम निर्देशन-पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। नाम निर्देशन-पत्र भर चुके प्रत्याशी सोमवार, 29 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे।

# धूमधाम से रवाना की गई रामनवमी शोभायात्रा

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**नागपुर।** अयोध्यावासी वैश्य समाज तथा सियाराम मंदिर ट्रस्ट नामदेव नगर के संयुक्त तत्वावधान में रामनवमी शोभायात्रा तथा स्कूटर रैली का आयोजन किया गया। प्रमुख अतिथि अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद महाराष्ट्र प्रदेश के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष रामकृष्ण गुप्ता ने शोभायात्रा का पूजन कर भगवा झंडा लहराकर रथयात्रा को प्रस्थान किया। रैली सुबह 10 बजे नामदेव नगर से निकल कर राजीव गांधी नगर, ईटा भट्टी, कांजी हाऊस चौक, कावरा पेठ, रेल्वे क्रॉसिंग होते हुए पुनः नामदेव नगर वापस आयी। 12 बजे प्रभू श्री राम चंद्र जी का पूजन कर महाप्रसाद का वितरण किया गया। देश में भाईचारा बना रहे, देश की अखंडता व स्वाभिमान बना रहे तथा प्रभु श्रीराम चंद्र जी का आशीर्वाद संपूर्ण देशवासियों को मिलता रहे इसी उद्देश्य को लेकर यह शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में नगर सभा के अध्यक्ष रूपनारायण गुप्ता, सचिव बलराम गुप्ता, विनोद गुप्ता, श्रीमती दुर्गेश नंदनी, आशा गुप्ता, आरती गुप्ता, अंजना गुप्ता, रेनू केसरवानी, शंकर गुप्ता, लक्ष्मीकांत केसरवानी, के अलावा सियाराम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष अतुल मोदी, दीपक ताजने, खुशाल निखारे, विजय बुर्डे, कृष्णराव राऊत, उमेश नंदनवार, प्रहलाद वाकोडीकर, रामेश्वरम दार्वेकर, विजय नंदनवार, श्रीमती प्रीती पकोडे, सुशीला बाई, शुभांगी राउत, रेखा यादव इत्यादि जन विशेष रूप से शोभायात्रा में शामिल थे।



# बोरवैल खुले छोडे तो लगेगा 10 हजार रूपये का अर्थदण्ड

**श्योपुर,** शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रो में बोरवैल खुले छोडने पर अब संबंधित व्यक्ति अथवा एजेंसी पर 10 हजार रूपये का अर्थदण्ड किया जायेगा। इसके बाद भी यदि बोरवैल खुला छोडने की पुर्नरावृत्ति की गई तो 25 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया जायेगा।

कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड द्वारा शासन निर्देशो के क्रम में आदेश जारी किये गये है कि नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रो में नलकूपो को खुला तथा असुरक्षित छोडे जाने पर संबंधित व्यक्तियों अथवा एजेंसियो पर कार्यवाही की जायेगी। यदि कोई व्यक्ति अथवा एजेंसी नलकूप को खुला और असुरक्षित छोडती है तो प्रथम उल्लंघन पर 10 हजार रूपये तथा पुर्नरावृत्ति किये जाने पर 25 हजार रूपये मय समस्त व्यय राशि अर्थदण्ड लगाया जायेगा। इसके लिए ईई पीएचई को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड द्वारा जारी आदेश के अनुसार नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रो के खुले बोरवैल, कुए एवं बावडी जो कि जनहानि का कारण बन सकती है, उनका सर्वे किया जायें। एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र में ऐसे सूचीबद्ध खतरनाक संरचनाओ को विधिवत हटाकर अथवा पाटने की कार्यवाही पूर्ण करेंगे, यह कार्य ग्राम पंचायत तथा नगरीय निकायो द्वारा किया जायेगा। इस पर होने वाले व्यय की वसूली संबंधित भूमि स्वामी से होगी अन्यथा की स्थिति में आपराधिक कार्यवाही की जायेगी। नलकूल खनन करने वाले शासकीय तथा निजी मशीनो का पंजीयन मप्र राज्य इलेक्ट्रोनिक विकास निगम के पोर्टल पर कराया जाना है। नलकूप खनन एजेंसी बिना केसिंग वाले कूप को मिट्टी, रेत या मुरम से भरने के लिए उत्तरदायी होगे। खनन पूर्व एजेंसी को पोर्टल पर जानकारी भरना होगी।

इन कार्यो के लिए कार्यपालन यंत्री पीएचई को नोडल अधिकारी बनाया गया है, जो संबंधित विभागो से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे तथा कोई भी समस्या उत्पन्न होने पर अपर जिला मजिस्ट्रेट श्योपुर से समन्वय कर निराकरण करायेगे।

# सोनी सब के 'पुष्पा इम्पॉसिबल' में, दिलीप की मौत के बाद स्ट्रेस डिसऑर्डर से जूझ रही है राशि

सोनी सब का 'पुष्पा इम्पॉसिबल' एक दृढ़संकल्पित महिला पुष्पा (करुणा पांडे) की दिल छू लेने वाली कहानी बताता है, जो बिना उम्मीद खोए जीवन की चुनौतियों का सामना करती है। हालिया घटनाक्रम में, दर्शकों ने पुष्पा की गुरु और वकील देवी पटेल (उर्वशी ढोलकिया) को अदालत में जुगल (अंशुल त्रिवेदी) के हक में लड़ते देखा, क्योंकि उस पर पुष्पा के पति दिलीप पटेल (जयेश मोरे) की हत्या का आरोप था और उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। लेकिन चूंकि अदालत में जुगल को दोषी साबित नहीं किया जा सका, इसलिए उसे रिहा कर दिया गया।

आगामी एपिसोड्स में, दर्शक देखेंगे कि पुष्पा और दिलीप की बेटी राशि (देशना दुगड़) को अपने पिता दिलीप की मौत के बाद पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर (पीटीएसडी) हो गया है। अदालत की सुनवाई में हिस्सा लेने के बाद, राशि का दिल टूट गया है। अपने पिता के बेहद करीब होने के कारण, उसे अपने पिता के ज़िंदा न होने का सच स्वीकारने में दिक्कत हो रही है। उन्हें खोने के विचार मात्र से उसके दिल पर असहनीय बोझ बन जाता है, जिससे अदालत की सुनवाई के दौरान उसे आघात महसूस होता है। तभी पुष्पा के शिक्षक, विक्रम सरन (आदिश वैद्य) मदद के लिए आगे आते हैं, जैसे उन्होंने अतीत में पुष्पा के शिक्षा के लक्ष्य को हासिल करने में उसकी मदद की थी।



राशि पटेल की भूमिका निभाने वाली देशना दुगड़ ने कहा, 'राशि को अपने पिता पर भरोसा था कि वे रिश्तों में फैली कड़वाहट को दूर कर देंगे। लेकिन जब वे अचानक चले गए, तो उसे बहुत बड़ा झटका लगा। उसे यह स्वीकार करने में मुश्किल हो रही है कि वे अब नहीं हैं। चूंकि वह उनका समर्थन करने वाली एकमात्र व्यक्ति थी, इसलिए राशि उनके बिना खोया हुआ महसूस कर रही है। यह उसके लिए वाकई कठिन समय है, और वह उन सभी भावनाओं से निपटने के लिए संघर्ष कर रही है, जो पीटीएसडी नामक स्ट्रेस डिसऑर्डर का कारण बनती है। मुझे खुशी है कि एक कलाकार के रूप में, मुझे पीटीएसडी जैसे महत्वपूर्ण लेकिन अक्सर उपेक्षित किए जाने वाले विषय को स्क्रीन पर दिखाने का मौका मिला। मुझे यकीन है कि बहुत सारे दर्शक राशि से जुड़ पाएंगे।'

पुष्पा पटेल की भूमिका निभाने वाली करुणा पांडे ने कहा, 'दिलीप की मौत पर अदालत की सुनवाई के बाद पुष्पा को राशि में भारी बदलाव नज़र आने लगे। अपने पिता के बेहद करीब होने के कारण, राशि उसकी अनुपस्थिति की हकीकत को स्वीकार करने में संघर्ष कर रही है। उसे खोने का विचार बस उसके दिल पर असहनीय बोझ बन गया है और वह बेहद सदमे और तनाव से गुज़र रही है। पीटीएसडी किसी को भी हो सकता है, इसलिए अगर किसी को इस विकार का निदान होता है, तो उसका साथ देना महत्वपूर्ण है।'

पुष्पा इम्पॉसिबल देखते रहें, हर सोमवार से शनिवार रात 9:30 बजे, केवल सोनी सब पर

# माता सीता का किरदार निभाने का मौका मिलना मुझ पर ईश्वर का आशीर्वाद: प्राची बंसल

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के 'श्रीमद रामायण' में माता सीता का किरदार निभाने का मौका मिलना मुझ पर ईश्वर का आशीर्वाद है, ऐसा कहना है प्राची बंसल का, जो शो में इस किरदार को निभाकर खुद को धन्य महसूस करती हैं। वे कहती हैं, मैं खुद को बेहद भाग्यशाली मानती हूँ, क्योंकि यह भूमिका अपने आप में सबसे अधिक महत्वपूर्ण है, जिसे मैं बड़ी जिम्मेदारी के साथ निभाने की कोशिश कर रही हूँ। दर्शकों ने मेरे प्रति जो प्यार और स्वीकार्यता दिखाई है, उसके लिए मैं सभी की आभारी हूँ और मुझे उम्मीद है कि हमें यूँ ही प्यार मिलता रहेगा।



***सीता के जीवन से मिलती है योद्धा होने की सीख***

मैंने माता सीता से सीखा है कि महिलाओं और पुरुषों दोनों के भीतर योद्धा की भावना मौजूद होती है, और हमें अक्सर मुश्किल हालातों का सामना करने पर ही इसका पता चलता है। हालाँकि, यह महत्वपूर्ण है कि समय आने पर हम अपने भीतर के उस योद्धा को जगाएँ और चुनौतियाँ आने पर उनका डटकर सामना करें। चाहे वह किसी गलत काम को देखना हो या व्यक्तिगत रूप से किसी मुश्किल दौर से गुज़रना हो, डटकर खड़े होना और खुद के लिए लड़ना बेहद जरुरी है।

***महिलाओं के लिए संदेश: किसी को न करने दें अनादर***

महिलाओं के लिए मेरा संदेश यह है कि किसी भी स्थिति में किसी को अपना अनादर न करने दें। खुद का साथ दें और अपने लिए लड़ें। मुश्किलों की परवाह किए बिना, अपने सपनों को पूरा करने की कोशिश करें। मुझे पूरा यकीन है कि आत्मविश्वास से आप दुनिया में कुछ भी हासिल कर सकती हैं। इसलिए, खुद पर भरोसा रखें, अपने सपनों को पूरा करने की कोशिश करें और उन्हें खुलकर जीएँ।

***परिस्थिति के अनुरूप खुद को ढालने की कला आना जरुरी***

जीवन के विभिन्न चरणों के दौरान, पारस्परिक संबंधों के मामले में व्यक्ति को परिस्थिति के अनुरूप खुद को ढालने की कला आना चाहिए। हालाँकि, महिलाओं को सामाजिक रीति-रिवाज़ों और परंपराओं के तहत सहजता से फिट होने की ज्यादा कोशिश करना चाहिए, जैसे कि शादी के बाद अपने परिवार को छोड़ना और रहने के नए तरीकों को अपनाना। हालाँकि, सही साथी और परिवार के साथ, यह सब काफी आसान हो जाता है। मैं इसे त्याग नहीं कहूँगी; इसके बजाए, मेरा मानना है कि यह छोटे-छोटे बदलाव करने के बारे में है, जिन्हें खुशी-खुशी अपनाने से ये कभी-भी बोझ महसूस नहीं होते हैं।

# पैनासोनिक ने मध्य प्रदेश में एसी की नई रेंज पेश की; इसमें स्मार्टर लिविंग के लिए मैटर-इनेबल्ड आरएसी (रूम एयर कंडीशनर्स) भी शामिल हैं

**33,990 रुपए की शुरूआती कीमत के साथ 60 नए मॉडल्स लॉन्च किए गए, जिसमें ज्यादातर इन्वर्टर एसी हैं**

**पैनासोनिक ने मिराई के साथ भारत के पहले मैटर-इनेबल्ड रूम एयर कंडीशनर्स पेश किये। यह कनेक्टेड लिविंग प्लेटफॉर्म सुविधा, आराम, कनेक्टिवटी और बिजली की बचत प्रदान करता है**

**भोपाल।** एक प्रमुख डाइवर्सीफाइड टेक्नोलॉजी कंपनी पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया (पीएलएसआईएनडी) ने आज मध्य प्रदेश के बाजार में 2024 के लिए अपने नए एयर कंडीशनर्स की श्रृंखला को लॉन्च करने की घोषणा की। कंपनी ने 60 मॉडल्स में 1.0, 1.5 और 2.0 टन के एयरकंडीशनर्स पेश किए हैं। एयर कंडीशनर्स की यह नई रेंज सभी प्रमुख रिटेल आउटलेट्स, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स और पैनासोनिक ब्रांड स्टोर पर उपलब्ध है।

अभिषेक वर्मा, पीएमआईएन, पीएलएसआईएनडी, में एयर कंडीशनर्स ग्रुप के बिजनेस हेड ने कहा, हाल ही में मध्य प्रदेश के उपभोक्ताओं के बीच कराई गई हमारी स्टडी में हमें एयरकंडीशनर के प्रयोग संबंधी लोगों की तरह-तरह की प्रमुख चिंताओं का पता चला है। स्टडी के अनुसार उपभोक्ताओं की मुख्य परेशानी रात में बार-बार एसी के तापमान को एडजस्ट करने, कूलिंग परफॉर्मेंस, आउटडोर यूनिट में जंग लगने और रखरखाव एवं सर्विसिंग की जरूरत से जुड़ी है। पैनासोनिक का नया एसी उपभोक्ताओं की उभरती जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। पैनासोनिक द्वारा लॉन्च किए गए भारत के पहले मैटर-इनेबल्ड एयर कंडीशनर न केवल इंटरऑपरेबिलिटी प्रदान करते हैं, बल्कि हमारी इको-टफ केसिंग की वजह से यह विश्वसनीय और टिकाउ भी हैं। नए मिराई प्लेटफॉर्म के साथ हम अपने उपभोक्ताओं को स्मार्ट होम का अनुभव भी प्रदान कर रहे हैं। इसमें ट्रू एआई जैसे नए फीचर्स मौजूद हैं, जिससे उपभोक्ताओं को आदर्श रूप से आराम पहुँचाने वाली ठंडक प्रदान करने के लिए यह एसी अपने आप सेटिंग्स को एडजस्ट करते हैं। पर्सनलाइज्ड स्लीप प्रोफाइल का फीचर रात में बार-बार तापमान को एडजस्ट करने की जरूरत को खत्म करता है।

श्री वर्मा ने आगे कहा, इन्वर्टर एसी की जबर्दस्त बिक्री को देखते हुए हम पूरे मध्य भारत से इन्वर्टर एसी की माँग में बढ़ोतरी होने की उम्मीद कर रहे हैं। आज भारत में लगभग सात फीसदी घरों में एसी है। इसे देखते हुए कहा जा सकता है कि भारत में एसी इंडस्ट्री के विकास की अपार संभावना है। इसलिए हम इस अवसर का लाभ उठाने की उम्मीद कर रहे हैं। हमें पिछले सीजन की तुलना में इस सीजन में एसी की बिक्री 40 फीसदी बढ़ने की उम्मीद है।

पैनासोनिक को एयर कंडीशनर्स विकसित करने का 65 वर्षों से अधिक का अनुभव है। पैनासोनिक के एसी की नई रेंज आधुनिक तकनीक से लैस है। यह उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट लिविंग को फिर से पारिभाषित करने के लिए कूलिंग, क्वालिटी (विश्वसनीयता) और कनेक्टेड अनुभव प्रदान करते हैं।

### 2024 में लॉन्च किए गए एसी के मॉडल्स की प्रमुख विशेषताएँ

हर कोने में कूलिंग- पैनासोनिक के एयर कंडीशनर जेटस्ट्रीम एयरफ्लो के साथ मिलते हैं, जो हवा को 45 फीट तक फेंकते हैं। इसकी इनडोर यूनिट अपने में ज्यादा हवा समेटती है। इसके पंखे का व्यास भी बड़ा है, जिससे हवा का प्रवाह कोने-कोने तक बढ़ता है। इसके अलावा चौतरफा स्विंग के साथ इसका अनोखा डबल फ्लैप एयरोविंग्स डिज़ाइन कमरे के हर कोने में ठंडी हवा पहुँचाने में मदद करता है।



# मंदिर से मुकुट, घर से जेवर-नगदी समेट ले गये चोर

**ग्वालियर।** मंदिर का ताला तोड़कर चोर भगवान का चांदी का मुकुट चोरी कर ले गए। घटना हजीरा थाना क्षेत्र के ट्रिपल आईटीएम कॉलेज के सामने की है। घटना का पता सुबह चला जब श्रद्धालु मंदिर दर्शन करने के लिए पहुंचे तो मंदिर के ताले टूटे हुए थे और मुकुट गायब था। मामले का पता चलते ही पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है। हजीरा थाना क्षेत्र के ट्रिपल आईटीएम कॉलेज के पास रहने वाले अरविन्द पुत्र गरीबदास भैरव मंदिर पर पूजा पाठ करते है। बीते रोज मंदिर की पूजा अर्चना के बाद साफ सफाई करने के बाद वह वापस घर आए और सो गए थे। इसी बीच अज्ञात चोरों ने मंदिर के ताले तोड़े और मंदिर से भगवान का मुकुट सहित अन्य सामान पार कर ले गए। घटना का पता सुबह चला जब श्रद्धालु मंदिर की साफ-सफाई के लिए पहुंचे तो पता चला कि मंदिर में चोरी हुई है। इसका पता चलते ही पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस ने आत चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

***डेढ़ लाख नगदी के साथ जेवर पार***

गुहस्वामी परिवार सहित सोता रहा और चोर डेढ लाख रूपये नगदी और गहने गुरिया समेट ले गये। चोरी की वारदात महाराजपुरा थाना क्षेत्र में घटी। प्राप्त जानकारी के अनुसार महाराजपुरा थाना क्षेत्र के पटेल का पुरा सेंथरी निवासी सालिग राम बघेल पुत्र चंदन सिंह बघेल प्राइवेट जॉब करते है और खुद की खेती भी करते है। बीती रात भूषा लेकर आए और उसे घर में रखवाने के बाद वह खाना खाकर अपने कमरे में सोने चले गए थे। सुबह जब आंख खुली तो पता चला कि उनके घर में छत के रास्ते चोरों ने धावा बोला और अलमारी में रखे डेढ़ लाख रुपए नगदी के साथ ही तीन तोला वजनी सोने व आध किलों के करीब चांदी चोरी कर ले गए। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है। पीडित का कहना है कि चोर उनके घर से करीब चार लाख रुपए कीमत का माल पार कर ले गए है। पुलिस मामला दर्ज कर अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रहे है। जिससे चोरों का पता लगाया जा सकें।

***छोटे भाई की शादी में गये भाई के घर चोरी***

छोटे भाई की शादी में शामिल होने गये बड़े भाई के सूने घर के ताले चटकाकर चोर नगदी समेत माल समेटकर ले गये। मुरार थाना क्षेत्र के बड़ागांव निवासी सत्येन्द्र सिंह सिकरवार पुत्र केशव सिंह सिकरवार प्राइवेट जॉब करते है। बीते रोज वह अपने छोटे भाई कमल सिंह की शादी में शामिल होने के लिए अपने गांव एडोरी गए थे और घर पर ताले डाल गए थे। सूना घर देखकर चोरों ने ताले चटकाएं और नगदी करीब पंद्रह हजार रुपए के साथ ही ज्वेलरी पार कर ले गए। घटना का पता उस समय चला जब वह वापस आए तो पुलिस से शिकायत की।

# मोबाइल देने के झांसे में लेकर सिरफिरा युवक दबोचा

**ग्वालियर।** सेना के जवान की कार फूंक कर फरार हुआ सिरफिरा आशिक मोबाइल के लालच में पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। पुलिस ने आरोपी को पकडने के लिए तीन जिलों में एक साथ दबिश दी, लेकिन हाथ नहीं आया। इसी बीच पुलिस को सुराग मिला था कि आरोपी का मोबाइल टूट गया है और अपने एक परिचित पर मोबाइल देने के लिए दबाव बना रहा है। इसका पता चलते ही पुलिस ने परिचित को दबोचा और जैसे ही आरोपी का कॉल आया, पुलिस ने मोबाइल देने का वादा परिचित से कराया और जैसे ही वह मोबाइल लेने आया, पुलिस ने उसे दबोच लिया और थाने लाकर पूछताछ शुरू कर दी है।

टीआई महाराजपुरा धर्मेन्द्र यादव ने बताया कि महालक्ष्मीपुरम में सेना की जवान की कार में बल्लू खेमरिया ने आग लगाई थी। इससे पहले भी आरोपी पर चार मामले दर्ज हुए हैं। जिसमें तीन महाराजपुरा थाने के और दो इंदरगंज थाने में दर्ज हैं, जिसमें एक न्यायालय से फरार होने का है। बीते रोज बल्लू ने सेना के जवान की कार में आग लगाकर दुस्साहस किया था और पुलिस ने बल्लू के खिलाफमामला दर्ज कर तीन पुलिस पार्टी उसकी तलाश में लगाइं, जिसमें एक मुरैना, एक ग्वालियर और एक भिण्ड रवाना की गईं। भिण्ड पहुंची पुलिस टीम को पता लगा कि वह घर पर कई दिनों से नहीं आया है, लेकिन एक सुराग भी मिला कि वह अपने भाई पर कुछ दिनों से मोबाइल दिलाने के लिए दबाव बना रहा है। इसका पता चलते ही पुलिस भाई से बातचीत कर रही थी कि तभी उसका कॉल भाई के नंबर पर आया और मोबाइल दिलाने को कहा। इसका पता चलते ही पुलिस ने भाई को समझाया और मोबाइल दिलाने का वादा कर मोबाइल देने के बहाने बुलाया तो उसने घर पर आने से मना कर दिया। इसके बाद मोबाइल देने के लिए भाई को बाराहेट बुलाया, तो पुलिस भाई को लेकर बाराहेट पहुंच गई और जैसे ही बल्लू वहां पर पहुंचा, पुलिस ने बगैर समय गंवाए उसे दबेच लिया। यहां पर पुलिस की पकड़ से निकलने के लिए आरोपी ने काफी प्रयास किए और पुलिस ने उसके सभी प्रयास विफल कर दिए और उसे लेकर थाने आ गई है।

## मनचला करता है छात्रा को परेशान, मामला दर्ज

लंबे समय से पीछा कर रहे मनचले को जब छात्रा ने समझाने का प्रयास किया तो आरोपी ने जान लेने की धमकी दे दी। घटना माधौगंज थाना क्षेत्र के एकता विहार कालोनी की है। धमकी सुनते ही छात्रा ने शोर मचाया तो भीड़ एकत्रित हो गई तो आरोपी वहां से भाग निकला। माधौगंज थाना क्षेत्र के एकतापुरी निवासी 21 वर्षीय छात्रा ने शिकायत की है कि वह पढ़ाई के साथ ही पार्ट टाइम जॉब करती है। पिछले कुछ दिनों से सुदामा गोड नामक बदमाश उसका पीछा कर अश्लील फब्तियां कसता था। बीते रोज छात्रा ने उसे समझाने और पीछा करने से रोकने का प्रयास किया तो आरोपी ने धमकी दी कि अगर वह उससे बात नहीं करेगी तो वह उसे जान से मार देगा।

# लापता भतीजी की तलाश में गए चाचा पर पिस्टल अड़ाकर की मारपीट

**ग्वालियर।** लापता हुई भतीजी की तलाश करते हुए जब चाचा संदेही युवक के परिजनों के बुलावे पर उनके घर पहुंचा तो युवक के पिता व अन्य परिजनों ने पिस्टल अड़ाकर चाचा की जमकर मारपीट की। घटना पिछोर थाना क्षेत्र के सोनी धर्मशाला के पास बड़ा बाजार की है। वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए। घटना का शिकार पीडित थाने पहुंचा और मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने उनकी शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। बहोड़ापुर स्थित उरवाई गेट निवासी अजीत कुमार ने शिकायत की है कि एक अप्रैल को उनकी भतीजी गाजियाबाद में मौसी के घर गई थी और वहां से लापता हो गई, जिसकी शिकायत उन्होंने पुलिस से की थी। बीते रोज उन्हें पता चला कि विनय नगर निवासी अनुज श्रीवास्तव के साथ उनकी भतीजी गई है। इसका पता चलते ही उसने अनुज के पिता से बात की तो उन्होंने बताया कि भतीजी उनके पास पिछोर में अनुज के मामा के यहां पर है और आप आ जाओ बात कर लेते हैं। इसका पता चलते ही वह अपने पिता, मामा और भाभी के साथ पिछोर बड़ा बाजार सोनी की धर्मशाला के पास पहुंचे तो वहां पर लड़के के पिता अरूण कुमार, उनके रिश्तेदार प्रदीप कुमार, रविन्द्र व मनु आए और बातचीत करने से पहले ही प्रदीप ने पिस्टल उनके सीने पर अड़ाई और जमकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना का शिकार पीडित थाने पहुंचा और मामले की शिकायत की। पुलिस ने उनकी शिकायत पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

# बहन को अगवा कराने की शंका पर युवक को बंधक बनाकर पीटा

**ग्वालियर।** बहन को अगवा करने की शंका पर लापता युवती के भाई एक युवक को अपने घर ले गए और उसे बंधक बनाकर मारपीट कर दी। घटना बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के हनुमान घाटी लक्ष्मण तलैया की है। किसी तरह युवक आरोपियों के चंगुल से निकला और थाने पहुंचा। पुलिस ने उसकी शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के उरवाई गेट जैन मंदिर के पास रहने वाले लखन कुशवाह पुत्र लाल सिंह कुशवाह ने शिकायत की है कि टेस्टिंग लैब में काम करता है। उसका मित्र एक युवती को लेकर भाग गया था। युवती के अगवा करवाने की शंका में बीते रोज युवती के भाइयों अजय, रोहित, आंसू व उनके दोस्त अभिषेक ने उसे पकड़ा और जबरन अपने घर ले गया। यहां पर उसे कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने उसकी बेट, बेल्ट से बेरहमी से मारपीट कर युवती व उसके दोस्त का पता पूछने लगे। बेरहमी से मारपीट कर जब चारों कमरे से बाहर निकले तो वह मौका पाकर भाग निकला और थाने में शिकायत की। पुलिस ने उसकी शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस जब आरोपियों के घर पहुंची तो वह अपने घरों से फरार मिले। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# सटटा लगवा रहा हलवाई पकड़ा

**ग्वालियर।** पुलिस से बचने के लिए मंदिर के पास एक सटोरियां सटटा लगवाते मिला है। घटना जनकगंज थाना क्षेत्र के तिघरा रोड स्थित चकलेश्वर मंदिर के पास की है। पकड़े गए सटोरिए से एक आईफोन मिला है, जिसमें करीब साढ़े तीन लाख रुपए से ज्यादा का हिसाब मिला है। वहीं पता चला है कि यह पहला ऐसा सटोरिया है जो मोबाइल पर आईपीएल मैचों पर और पर्ची पर भी सट्टा लगवाता है। पुलिस ने पकड़े गए सटोरिए के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

जनकगंज थाना प्रभारी विपेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक सटोरिया तिघरा रोड पर सट्टा लगवा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम को सटोरिए को दबोचने के लिए पहुंचाया। पुलिस टीम जब आरोपी के पास पहुंची तो आरोपी पुलिस को देखते ही भागने लगा और पुलिस ने उसका पीछा किया और उसे दबोच लिया। पुलिस ने पकड़े गए सटोरिए की तलाशी ली तो उसके पास से एक आईफोन के साथ ही मोबाइल में चल रहे मैच पर कई युवा सट्टा लगवाते मिला। साथ ही मोबाइल में साढ़े तीन लाख रुपए से ज्यादा का हिसाब मिला है।

पुलिस को पकड़े गए सटोरिए से सट्टा पर्ची भी मिली है। उनके बारे में पूछताछ में पता चला कि सटोरिया आईपीएल मैचों पर सट्टा लगवाने के साथ ही सट्टा पर्ची पर भी लगवाता है और पुलिस से बचने के लिए सट्टा पर्ची और नगदी उसने भागते हुए फेंक दी है। पूछताछ में पता चला है कि पकड़ा गया सटोरिया गजेन्द्र उर्फ गन्ना पुत्र नवल सिंह कुशवाह हलवाई है और उसकी नाश्ते की दुकान है और बीस प्रतिशत कमीशन पर हजीरा निवासी पवन कुशवाह के लिए काम करता है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# राम जन्मोत्सव पर बुजुर्गों ने संकीर्तन कर आरती उतारी



**ग्वालियर।** रामनवमी के अवसर पर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान के बुजुर्गों ने धूमधाम से मनाया।

इण्डस्ट्रियल एरिया बिरला नगर में रामजानकी मंदिर पर प्रातः वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान के कार्यकर्ता एकत्रित हुये, कीर्तन किया एवं धर्मसभा के बाद भगवान श्रीराम की आरती की गई। प्रारंभ में उद्योगपति ललित गुप्ता एवं संगीता गुप्ता, अध्यक्ष इंजी. एस.के. गुप्ता, संयुक्त अध्यक्ष मुकेश जैन, उपाध्यक्ष नवरतन अतरोलिया, हजीरा शखा के अध्यक्ष हरेन्द्र सिंह, सचिव कमल पटेल, वरिष्ठ सदस्य जोसफ अलकजेण्डर, अशोक प्रेमी, पी.पी. चौबे आदि ने भगवान श्रीराम की आरती उतारी। पं. ओमप्रकाश पटसारिया ने रामजन्म उत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला। कु. खुशी जैन को योग्य पुत्री के सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विष्णुनारायन तिवारी एवं रमेश रजक ने भजनों की प्रस्तुति दी।

# घर-घर की कन्या पूजा: रामनवमीं पर हवनपूजन, रामायण पाठ, भंडारें हुये



**ग्वालियर।** नवदुर्गा उत्सव के आखिरी दिन रामनवमीं पर मंदिरों में हवन पूजन, रामायण पाठ सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान किये गये। मंदिरों में कन्या भोज के साथ जगह-जगह भंडारें हुये। मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक भक्तों की भीड़ लगी रही। कुल मिलाकर रामनवमीं पर हर तरफ भक्ति व खुशी का माहौल देखा गया।

ग्वालियर में बुधवार सुबह से ही मंदिरों में हवन-पूजन व माता पूजन के कार्यक्रम हुये। रामनवमीं पर देवी मंदिरों जैसे सातऊ स्थित शीतला माता, महलगांव की कैला देवी मैया (करौली), नाका चन्द्र वदनी वैष्णोदेवी, कैंसर हिल्स मांडरे की माता मंदिर पर सुबह से ही श्रद्धालु पहुंचे और पूजा अर्चना की। उपनगर मुरार के मीरा नगर में शीतला व हनुमान मंदिर में दुर्गा पूजन के साथ-साथ रामायण पाठ किया गया। रामजी की आरती के बाद कन्या भोज कराया गया। इधर सुबह से ही सातऊ स्थित शीतला मंदिर पर माता के भक्तों की भीड़ उमड़ी। वहीं शहर में करीब 500 से ज्यादा स्थानों पर माता के भंडारे हुये। लोगों ने सड़क किनारे स्टॉल लगाकर माता का प्रसाद बांटा।

रामनवमीं पर ग्वालियर की अयोध्या फालका बाजार राम मंदिर पर सुबह से ही भक्तों का मेला लगा रहा। श्रद्धालु प्रभु श्रीराम के दर्शन करने के लिये उत्सुक दिखे। देर रात्रि तक श्रीराम मंदिर पर भक्तों का दर्शनों के लिये मेला लगा रहा। इस दौरान कई धार्मिक आयोजन भी हुये। मंदिर को आकर्षक विद्युत साज सजावट से सजाया गया था।

# सनवैली केंद्र के साधकों ने सुंदरकांड किया




**ग्वालियर।** वैष्णवी नगर के सनवैली केंद्र के साधकों ने सनवैली के नवस्थापित राममंदिर में नियमित सुंदरकांड पाठ के उपरांत एक शाम योग के नाम का आयोजन किया। इसमें सर्वप्रथम जिला प्रधान पवन जी द्वारा अनूप जलोटा के सुंदर भजनों की प्रस्तुतियां देकर भक्तों को भावविभोर कर दिया।

एक भक्त मखीजा ने मंत्रमुग्ध होकर शर्बत की व्यवस्था की एवं प्रसाद वितरण हुआ। आयोजन में जिला कार्यकारिणी सदस्य अशोक कपूर का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में सनवैली मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं जिला मीडिया प्रभारी गिरीश अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष एचएम सिकरवार, क्षेत्रीय विस्तारक विजय धाकड़, केंद्र प्रमुख सुदीप नागर, उपकेंद्र प्रमुख जीएस छावड़ा, सचेतक श्रीमती हेमलता, श्रीमती विनीता अग्रवालजी, श्रीमती सोलंकी, आशीष गुप्ता उपस्थित रहे। अंत में शांतिपाठ के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई। साधकों ने इस दौरान अपने योग के अनुभव बताये।

# ब्रह्माकुमारीज केंद्र पर लगी चैतन्य देवियों की झांकी

**ग्वालियर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की



भगिनी संस्था राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के कला एवं संस्कृति प्रभाग द्वारा प्रभु उपहार भवन माधवगंज में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर चैतन्य देवियों की झांकी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अनेकानेक लोगों ने चैतन्य देवियों के दर्शन किये।

कार्यक्रम में केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी आदर्श दीदी ने सभी को नवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि नवरात्रि का पावन उत्सव हमें हिंसकवृतियों पर विजय प्राप्त करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि देवियों को अष्ट भुजाधारी दिखाते है तो ये विशेष आठ शक्तियों का प्रतीक है। जिसमें सामना करने की शक्ति, निर्णय करने की शक्ति, सहन करने की शक्ति, सहयोग की शक्ति, समेटने की शक्ति, परखने की शक्ति, समाने की शक्ति और विस्तार को संकीर्ण करने की शक्ति शामिल है। दीदी जी ने बताया कि नवरात्रि में व्रत का मतलब है कि हम अपने अंदर की बुराईयों और कमजोरियों को समाप्त करते हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ आयुर्वेदिक डॉ कमल गुप्ता और निर्मला गुप्ता ने सभी को नवरात्रि की सभी को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में चैतन्य देवी दर्शन झांकी के साथ साथ बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। जिसमें कु. सृष्टि, नंदिनी, नव्या, देवस्मिता, श्रेष्ठा और पवन आदि मुख्य रूप से थे। इसके साथ ही कार्यक्रम में 200 से अधिक श्रद्धालु उपस्थित थे। मंच का संचालन बीके ज्योति दीदी ने किया।

# निगम अमले ने हटाया अवैध अतिक्रमण

**ग्वालियर।** निगम के मदाखलत अमले द्वारा बुधवार को अभियान चलाकर



अवैध अतिक्रमण हटाया। निगम के अमले ने यातायात में बाधक बन रहे अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही सबसे पहले मोतीमहल संग्रहालय के पास से शुरू की। निगम के अमले ने यहां बनी गुमटियों, दुकानों, हाथ ठेलों एवं अन्य अस्थाई अतिक्रमण को हटाया। निगम की इस कार्रवाई में यातायात डीएसपी अजीत सिंह चौहान, मदाखलत निरीक्षक श्रीकान्त सेन सहित निगम का अमला मौजूद था।

# 12 दस्तावेजों में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता डाल सकेंगे वोट

**ग्वालियर ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची वितरित कराई जा रहीं हैं। क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची से मतदाता अपने मतदान केन्द्र का क्रमांक, पता, निर्वाचक नामावली में क्रमांक राज्य और जिले का हेल्पलाइन नम्बर जैसी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कर सकेंगे। यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, तो फोटोयुक्त वोटर आईडी कार्ड के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों के आधार पर मतदाता अपना वोट डाल सकेंगे।

फोटोयुक्त वोटर स्लिप को जानकारी, मार्गदर्शन के लिये उपयोग की जा सकेगी, लेकिन पहचान प्रमाण पत्र के रूप में नहीं। यदि फोटो ईपिक में किसी मतदाता के फोटोग्राफ आदि का मिलान न हो पाने से मतदाता की पहचान करना संभव नहीं है, तो उस मतदाता को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखाना होगा। वैकल्पिक दस्तावेजों में आधार कार्ड, पेन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित), पासपोर्ट, पासबुक (फोटो सहित बैंकध्डाकघर द्वारा जारी), फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केन्द्र, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमध्पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी), सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी) शामिल हैं।

# आज से फिर भरे जायेंगे नामांकन

**ग्वालियर।** ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन का सिलसिला आज 18 अप्रैल को फिर से शुरू होगा। नामांकन के लिए अब दो दिन शेष बचे हैं। अभ्यर्थी अथवा उनके प्रस्तावक अब 18 व 19 अप्रैल को प्रातः 11 से अपरान्ह 3 बजे तक रिटर्निंग अधिकारी अथवा सहायक रिटर्निंग अधिकारी को नामांकन प्रस्तुत कर सकेगें। ज्ञात हो ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र में अब तक कुल 6 प्रत्याशियों द्वारा अपनी नामजदगी के पर्चे दाखिल किए गए हैं।

ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में प्राप्त नाम-निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जाँच) 20 अप्रैल को होगी। 22 अप्रैल को अपरान्ह 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इन सभी दिवसों में प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक उक्त कार्यवाही संपादित होगी। ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र में 7 मई को मतदान और 4 जून को मतगणना होगी। ज्ञात हो ग्वालियर कलेक्ट्रेट में कलेक्टर न्यायालय कक्ष में बनाए गए रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जा रहे हैं।

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिये निगम अमले ने निकाली रैली




**ग्वालियर ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए जिला प्रशासन, नगर निगम एवं अन्य विभागों द्वारा स्वीप के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है।

नगर निगम ग्वालियर के विभिन्न विभागों एवं क्षेत्र अधिकारियों के निर्देशन में निरंतर चल रहीं स्वीप की गतिविधियों के माध्यम से आमजन को 7 मई को होने वाले मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिसमे बुधवार को गांधी नगर एवं रवि नगर में मतदाता जागरूकता हेतु रंगोली एवं अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने हेतु शपथ दिलाई गई। साथ ही मतदान करने हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए संवाद किया गया। इसी प्रकार कृष्णा कॉलोनी में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई एवं मतदान करने की शपथ दिलाई गई। जॉन क्रमांक 11 वार्ड 24 के अंतर्गत सुरेश नगर एवं माधवराव सिंधिया एंक्लेव के क्षेत्रवासियों के साथ स्वीप एक्टिविटी प्रोग्राम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

# सिंधिया कन्या विद्यालय में धरोहर फैस्ट आज से



**ग्वालियर।** सिंधिया कन्या विद्यालय में सातवाँ श्रीमंत माधवराव सिंधिया धरोहर फैस्ट का आयोजन आज 18 से 20 अप्रैल तक किया जायेगा। इस वर्ष इस उत्सव की थीम गुजरात धरोहर है। कार्यक्रम में मेजबान सिंधिया कन्या विद्यालय सहित 15 विद्यालयों के 250 छात्र-छात्राएँ भाग लेंगी।

इस धरोहर फैस्ट में 11 प्रतियोगिताएँ रबारी भरोत कढ़ाई, बंधेज, माता नी पचेड़ी, गुजराती व्यंजन, अजरख ब्लॉक प्रिंटिंग, ट्राइफोल्ड ब्रोशर, कच्छ लिप्पन कला, गुजराती सुगम संगीत (स्वर एकल), गुजराती लोक संगीत (गायन समूह), गुजरात का लोक नृत्य, भवाई होंगी। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्या श्रीमती निशी मिश्रा, उमंग हटी सिंह हैरिटेज फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष, उनकी माँ दक्षा दीपक हटीसिंह तथा बहन उरवी मुकुल कसलीवाल भी उपस्थित रहेंगी। मीडिया प्रभारी श्रीमती वैशाली श्रीवास्तव के अनुसार कार्यक्रम का उद्घाटन गुरूवार 18 अप्रैल को प्रातः दीप प्रज्जवलन के साथ होगा।

# अनूप अग्रवाल आपदा प्रबंधन मध्यप्रदेश के संयोजक नियुक्त

**ग्वालियर।** जीसीसीआई के निर्देशन मंडल



मध्यप्रदेश द्वारा गौसेवा रक्षा हेतु समाजसेवी अनूप अग्रवाल को राष्ट्रीय महासचिव पुरीश कुमार एवं प्रदेश अध्यक्ष दिलीप धनराज गुप्ता के द्वारा मध्यप्रदेश आपदा प्रबंधन का संयोजक नियुक्त किया गया है। अनूप अग्रवाल समाज के विभिन्न संगठनों और भारत विकास परिषद के विभिन्न उच्च पदों के साथ ही जीवाजी विश्वविद्यालय के पूर्व ईसी मैंबर, भाजापा राष्ट्रीय किसान मोर्चा के सदस्य और वर्तमान में साइंस कालेज की जनभागीदारी में कार्यकारणी सदस्य है। अनूप के मनोनयन पर राजकुमार गर्ग, ओमप्रकाश अग्रवाल, दिनेश बंसल, सुरेश बिदल, आनन्द अग्रवाल, केके गुप्ता, कृष्णकांत अग्रवाल आदि ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# रामनवमीं पर किया कन्यापूजन

**ग्वालियर।** भारत विकास परिषद शाखा समर्पण ने रामनवमीं के उपलक्ष्य में राष्ट्रगान के बाद बुधवार को 21 कन्याओं एवं 11 लांगूरवीरों को भोजन सामग्री देकर उनका पैर



पूजन किया। मीडिया प्रभारी गिरीश अग्रवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम महाराज बाडे पोस्टऑफिस पर हुआ।

इस अवसर पर संरक्षक अरविन्द दूदावत, संस्थापक संजय धवन, अध्यक्ष गुलाब सिंह प्रजापति, उपाध्यक्ष गिरीश अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य मधु धवन, अंजलि रजक लालाराम रजक, पूजा अरोरा सुरेश अरोरा महेश गौतम, पन्नलाल निरंकारी, महेश जैसवाल, पुष्प प्रजापति, सीए मयूर गर्ग, श्रीमती मयूर गर्ग, अजय अरोरा, कैलाश अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## संपादकीय

# संवेदनहीनता के अस्पताल

आये दिन छोटे-बड़े शहरों के सरकारी अस्पतालों में ऐसे किस्से उजागर होते हैं, जो चिकित्सा-तंत्र की संवेदनहीनता को दर्शाते हैं। लेकिन लुधियाना के सिविल अस्पताल में एक मरीज के साथ एक ही बैड में शव रखना वाकई परेशान करने वाली घटना है। हालांकि, पहले कहा गया कि अज्ञात मरीज का शव एक अन्य मरीज के बिस्तर पर दो घंटे से अधिक समय तक रहा, बाद में विभागीय जांच में अवधि को 37 मिनट बताया गया। बहरहाल, घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। मामले में प्रशासनिक जांच के आदेश दिये गए हैं, लापरवाही की जवाबदेही तय करके कार्रवाई की बात कही जा रही है। निश्चित रूप से घटना परेशान करती है। निस्संदेह, उस मरीज की मनस्थिति को समझा जा सकता है जो शव के साथ लेटा रहा होगा। यह घटना हमारे सरकारी अस्पतालों की बदहाली को बताती है, जिसके चलते कि एक बैड पर दो-दो मरीजों को लिटाया जाता है। ऐसे में रोगियों को अन्य संक्रमण होने की भी प्रबल संभावना बनी रहती है। विडंबना ये है कि इन अस्पतालों में वे ही मरीज आते हैं, जो मजबूरी के मारे होते हैं। वे प्राइवेट अस्पतालों में इलाज कराने में सक्षम नहीं होते। बताया जाता है कि मरने वाले मरीज को नौ अप्रैल को लुधियाना के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसकी जांघ की हड्डी टूटी थी। इस अज्ञात मरीज के साथ कोई तीमारदार भी नहीं था। लगता है कि उसे समय रहते पर्याप्त उपचार नहीं मिल पाया। बताया जाता है कि बारह अप्रैल को किसी डॉक्टर ने मरीज की फाइल में नोट लिखा कि मरीज बिस्तर पर नहीं पाया गया, जबकि मरीज चलने-फिरने में सक्षम नहीं था। उसकी फाइल में कुछ और नोट्स भी हैं लेकिन लिखने वाले डॉक्टर का नाम उसमें नहीं था। चौदह अप्रैल को मरीज को दूसरे अस्पताल में रैफर किया गया, लेकिन रैफर करने वाले डॉक्टर का उसमें उल्लेख नहीं है।

कालांतर 15 अप्रैल को मरीज की सुबह ग्यारह चालीस पर मौत होना बताया गया है। शव को सवा बारह बजे के बाद मोर्चरी में शिफ्ट किया जाना बताया गया। मामले के तूल पकड़ने के बाद लुधियाना के डिप्टी कमिश्नर ने मामले की जांच शुरू की है। बहरहाल, मामले की हकीकत जांच के बाद ही सामने आ पाएगी। लेकिन घटना ने एक बार फिर सिविल अस्पतालों में प्रबंधन की खामियों को उजागर ही किया है। बताते हैं कि नौ अप्रैल को भर्ती अज्ञात मरीज को ग्यारह अप्रैल तक उपचार नहीं मिला। कहना कठिन है कि उस मरीज के साथ क्या हादसा हुआ जिससे उसकी जांघ की हड्डी टूटी। क्या वो कोई राहगीर था जो किसी वाहन से हुई दुर्घटना का शिकार हुआ? यदि वह स्थानीय था तो उसके तीमारदार क्यों नहीं आए? क्या वह किसी आपराधिक साजिश का शिकार हुआ? बहरहाल, एक बात तो तय है कि दुर्भाग्य का मारा अज्ञात मरीज सिविल अस्पताल में कोताही का शिकार हो गया। बहुत संभव है कि समय रहते उसे उपचार मिलता तो शायद उसकी जान बच जाती। सवाल यह है कि गरीबों की अंतिम उम्मीद बने सरकारी अस्पतालों की बदहाली सुधारने के प्रयास क्यों नहीं किये जाते? लुधियाना जैसे बड़े व समृद्ध शहरों में तमाम व्यक्ति व समाजसेवी संगठन जनसेवा हेतु सक्रिय रहते हैं, क्यों नहीं इन अस्पतालों में पर्याप्त बैड उपलब्ध कराने के प्रयास होते हैं? तमाम राजनीतिक, सामाजिक व धार्मिक आयोजनों में पैसा पानी की तरह बहाया जाता है, क्यों नहीं समाज के अंतिम व्यक्ति के उपचार के लिये आखिरी आश्रय स्थल सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था सुधारने के लिये योगदान दिया जाता? हमारे जनप्रतिनिधि क्यों नहीं इस दिशा में पहल करते? जनता को इन अस्पतालों में जीवन रक्षा उपकरणों व बैड आदि की व्यवस्था कराने के लिये सरकार पर दबाव बनाना चाहिए। वहीं दूसरी ओर यह भी हकीकत है कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों का भारी दबाव है। अस्पतालों को पर्याप्त मात्रा में ग्रांट भी उपलब्ध नहीं करायी जाती ताकि उपचार की पर्याप्त व्यवस्था हो सके। विडंबना यह भी कि यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों का भी अभाव है। युवा डॉक्टर मरीजों के दबाव व आर्थिक लाभों के सम्मोहन में सरकारी सेवाओं में आने से कतराने लगे हैं।

# चुनावी दौर में मस्क की यात्रा के यक्ष प्रश्न

**लेकिन कहानी एक कार कंपनी के विस्तार तक सीमित नहीं है। एलोन मस्क 'न्यूरालिंक' के सीईओ भी हैं, जो मानव मस्तिष्क को कंप्यूटर से जोड़ने के लिए अल्ट्रा-हाई बैंडविड्थ ब्रेन-मशीन इंटरफेस विकसित कर रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़ी यह तकनीक चुनाव में किसी भी खेल को आगे बढ़ाने में सक्षम है। यूरोपीय संघ ने एलोन मस्क के इरादों को भांपकर ही उससे दूरी बनानी शुरू कर दी थी।**

वर्ष 1995 में धातु विज्ञान स्नातक वांग चुआनफू ने 'बीवाईडी' की स्थापना की, एक छोटी चीनी कंपनी, जो जापानी प्रतिस्पर्धियों की तुलना में अधिक सस्ते में रिचार्जेबल निकल-कैडमियम बैटरी वाली कार बनाने पर केंद्रित थी। लगभग 30 साल बाद, शिएन-शान्शी और शेन्ज़ेन स्थित कंपनी 'बीवाईडी' इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की दुनिया की अग्रणी निर्माता बन गई है। टेस्ला की स्थापना 2003 में हुई थी। एलोन मस्क ने टेस्ला, स्पेस एक्स, न्यूरालिंक और द बोरिंग जैसी कंपनियों की स्थापना की। वर्ष 2023 की आखिरी तिमाही में चीनी कंपनी 'बीवाईडी' ने प्योर-प्ले इलेक्ट्रिक कारों की वैश्विक बिक्री में अमेरिकी दिग्गज टेस्ला (टीएसएलए) को भी पीछे छोड़ दिया था। दोनों कंपनियों में रेस अब भी चल रही है। टेस्ला ने 2024 की पहली तिमाही में अपना ताज फिर से हासिल कर लिया है। टेस्ला के सीईओ एलोन मस्क पीएम मोदी से मिलने दिल्ली आ रहे हैं। आम चुनाव के समय मस्क का मोदी से मिलना मानीखेज़ है।

जून, 2010 में सूचीबद्ध होने पर टेस्ला स्टॉक की कीमत 17 डॉलर प्रति शेयर थी। अब टेस्ला के शेयर 166 डॉलर पार कर चुके हैं। आज की तारीख में टेस्ला 560 अरब डॉलर के मार्केट कैपिटलाइज़ेशन के साथ दुनिया की दिग्गज कार कंपनियों में से एक बन चुकी है। लंदन की डेटा और एनालिटिक्स कंपनी 'ग्लोबलडेटा' के बिजनेस फंडामेंटल विश्लेषक मूर्ति गांधी के अनुसार, 'जहां तक बीवाईडी का सवाल है, इसकी 81 बिलियन डॉलर की मार्केट कैप इसे दुनिया के शीर्ष 10 वाहन निर्माताओं में से एक बनाती है। फिर भी, यह टेस्ला और टोयोटा (टीएम) और स्टेलेंटिस (एसटीएलए) जैसे अन्य कार निर्माताओं से काफी पीछे है, जो फ्रेंच पीएसए ग्रुप और फिएट क्रिसलर ऑटोमोबाइल्स के 2021 विलय से बना समूह है। यह समूह 14 ब्रांडों के तहत कारें बेचता है, जिनमें क्रिसलर, सिट्रोएन, जीप, मासेराती और प्यूज़ो शामिल हैं।' 2023 में, टेस्ला ने बीवाईडी की तुलना में लगभग 230,000 अधिक कारें बेचीं। फिर भी बीवाईडी की प्रतिस्पर्धी क़ीमत ने टेस्ला की महंगी कारों की लकीर छोटी कर रखी है।

बीवाईडी ने रणनीति बदली है। 4 मार्च, 2024 को अपने सबसे पॉपुलर मॉडलों में से एक, 'युआन प्लस क्रॉसओवर' का एक नया संस्करण लॉन्च किया, जिसे चीन के बाहर 'एट्टो 3' के नाम से जाना जाता है, उसकी कीमत 11 प्रतिशत घटाकर 119,800 युआन कर दी। बीवाईडी ने अपनी सबसे किफ़ायती कार, 'सीगल' को भी 5 प्रतिशत सस्ता किया। हालांकि टेस्ला ने भी पिछले साल चीन में कुछ मॉडलों की कीमतों में कटौती की थी, लेकिन वो बीवाईडी से सस्ती कारें नहीं बेच पाई।

यूके स्थित कंसल्टेंसी फर्म 'रो मोशन' के अनुसार, 'अमेरिका के बाद चीन, टेस्ला का सबसे बड़ा बाजार है। एलोन मस्क की कंपनी टेस्ला ने 2019 में अपने शंघाई गीगाफैक्टरी में उत्पादन शुरू किया, जहां से 947,000 कारों की डिलीवरी की। बीवाईडी अमेरिका में अपनी कारें नहीं बेचता है, हालांकि कैलिफ़ोर्निया में बीवाईडी ने बस बनाने की फैक्टरी लगा रखी है। टेस्ला और बीवाईडी दोनों अपने घरेलू बाजारों में विस्तार कर रहे हैं, साथ ही विदेशों में कारखाने लगा रहे हैं।

वर्ष 2023 में दुनियाभर में कुल 13.6 मिलियन ईवी (बीईवी और हाइब्रिड सहित) बेचे गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 30 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। बीवाईडी ने 2023 में वैश्विक स्तर पर हाइब्रिड सहित लगभग 3 मिलियन इलेक्ट्रिक कारें बेचीं। अमेरिका और कनाडा ने टेस्ला के लगभग सात लाख वाहन खरीदे, जबकि उसके छह लाख वाहन चीन में बेचे गए। यूरोपीय देशों में टेस्ला की बिक्री में लगभग चार लाख वाहन शामिल थे। बावजूद इसके, इस साल टेस्ला के शेयर 29 प्रतिशत नीचे हैं, जबकि बीवाईडी स्टॉक लगभग 6 फीसद डाउन है।

वर्ष 2023 में भारत में कुल कार बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी सिर्फ 2 प्रतिशत थी। मोदी सरकार 2030 तक 30 प्रतिशत ईवी की हिस्सेदारी का लक्ष्य रख रही है। टेस्ला ने इस साल के अंत में भारत में निर्यात के लिए अपने जर्मन प्लांट में राइट-हैंड ड्राइव कारों का उत्पादन भी शुरू कर दिया है। लेकिन टेस्ला का लक्ष्य है कि उसे भारत में कार फैक्टरी लगानी है, दो अरब डॉलर का निवेश भी करना है। रोज़गार मिलते हैं, तो निश्चित रूप से श्रेय मोदी सरकार को जायेगा। मस्क ने इस सप्ताह एक्स पर कहा था, 'भारत में इलेक्ट्रिक कारें होनी चाहिए, उतनी ही जितनी कि हर दूसरे देश में इलेक्ट्रिक कारें हैं।'

लेकिन कहानी एक कार कंपनी के विस्तार तक सीमित नहीं है। एलोन मस्क 'न्यूरालिंक' के सीईओ भी हैं, जो मानव मस्तिष्क को कंप्यूटर से जोड़ने के लिए अल्ट्रा-हाई बैंडविड्थ ब्रेन-मशीन इंटरफेस विकसित कर रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़ी यह तकनीक चुनाव में किसी भी खेल को आगे बढ़ाने में सक्षम है। यूरोपीय संघ ने एलोन मस्क के इरादों को भांपकर ही उससे दूरी बनानी शुरू कर दी थी।

यूरोपीय संघ एलोन मस्क के स्टारलिंक उपग्रह प्रणाली के वर्चस्व पर अंकुश लगाना चाहता है। चुनांचे, यूरोपीय संघ 'आईआरआईएस' नामक संचार उपग्रहों के एक नए समूह के निर्माण और संचालन के लिए अरबों यूरो के अनुबंध पर हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया में है। एलोन मस्क यूरोपीय संघ की नज़र में अविश्वसनीय और विवादित शख्सियत हैं। ईयू ने स्पष्ट किया कि एक्स के माध्यम से एलोन मस्क ने ग़लत-सलत ख़बरें प्लांट कर, यूरोपीय देशों में चुनावों को प्रभावित करने की चेष्टा की थी। ब्राज़ील में भी कुछ ऐसा ही खेल एलोन मस्क कर चुके हैं। 1 जून, 2023 को, सेंटर फॉर काउंटरिंग डिजिटल हेट (सीसीडीएच) ने बताया कि एक्स, जिसे पहले ट्विटर नाम दिया गया था, ग्राहकों द्वारा पोस्ट की गई 99 प्रतिशत नफरत वाले संदेशों के विरुद्ध कार्रवाई में विफल रहा है।

7 अप्रैल, 2024 को ब्राज़ील की सुप्रीम कोर्ट ने एक्स पर फ़र्जी सूचनाएं प्लांट करने के आरोप में एलोन मस्क को लपेटा है। जस्टिस अलेक्जेंड्रे जे मोरेस ने एक्स के बहुतेरे पॉपुलर अकाउंट्स को बंद करने के आदेश दिए। लेकिन एलोन मस्क ने स्वयं को ब्राज़ील की सुप्रीम कोर्ट से बड़ा समझने की ताव में ताबड़तोड़ पोस्ट एक्स पर डाले- 'इस न्यायाधीश ने ब्राज़ील के संविधान और लोगों के साथ निर्लज्जतापूर्वक और बार-बार विश्वासघात किया है। उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए, या उन पर महाभियोग चलाया जाना चाहिए. शर्म करो ञअलेक्जेंड्रे, शर्म करो।' सवाल यह है, एलोन मस्क चुनावी माहौल में भारत क्यों आ रहे हैं? एक्स की जो भूमिका यूरोपीय देशों और ब्राज़ील में रही, उस पर सवाल उठे हैं। क्या टेस्ला के कारोबार में लाभ के लिए सत्ताधीशों को एक्स के जरिये मदद होती है।

## आज का इतिहास

- मुगल साम्राज्य के बादशाह शाहजहां ने 1612 में मुमताज से निकाह किया।
- सन 1853 में एशिया की पहली ट्रेन बॉम्बे से तन्ना तक चलायी गयी।
- वर्ष 1857 विद्रोह के नेता तात्यां तोपे को 1859 में फांसी दी गयी।
- सेन फ्रांसिस्को में 1906 में आये भूकंप और आग से लगभग 4000 लोगों की मौत।
- महात्मा गांधी ने 1917 में सत्याग्रह के लिए बिहार के चंपारण का चयन किया।
- यांकी स्टेडियम 1923 में ब्रोंक्स में खुल गया।
- सूर्य सेन उर्फ मास्टर दा और इंडियन रिपब्लिकन आर्मी के 62 लोगों ने 1930 में चटगांव शास्त्रागार पर धावा बोला।
- नीदरलैंड के हेग में 1948 में अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का गठन हुआ।
- विनोबा भावे ने 1950 में आंध्र प्रदेश (अब तेलंगाना) के पचमपल्ली गाँव से भूदान आंदोलन की शुरुआत की।
- बांडुंग में 1955 में अफ़्रीकी-एशियाई सम्मेलन का आयोजन किया गया था।
- सम्राट अशोक नामक देश का पहला जंबो जेट विमान 747 सन 1971 में मुंबई में उतरा।
- प्रख्यात लेखक खुशवंत सिंह के पिता शोभा सिंह का 1978 में निधन।
- जिंबाब्वे ने 1980 में ब्रिटेन से स्वतंत्रता मिलने की घोषणा की।
- सन 1991 में केरल भारत का पहला पूर्ण साक्षर राज्य घोषित हुआ।
- वेस्टइंडीज के बल्लेबाज़ ब्रायन लारा ने 1994 में 375 रन बनाकर टेस्ट मैच की एक पारी में सर्वाधिक रन बनाने का विश्व रिकार्ड बनाया।
- सन 2001 में भारतीय सीमा में घुस आई बांग्लादेश की सेना की गोलीबारी से भारत के 16 जवान शहीद हुए थे।
- 1973 से इटली में निवास कर रहे अफ़ग़ानिस्तान के पूर्व शासक मोहम्मद जहीर शाह 2002 में काबुल लौटे।
- पाकिस्तान ने 2008 में भारतीय क़ैदी सरबजीत सिंह की फांसी की सजा को एक महीने के लिए टाला।
- भारत और मैक्सिको ने 2008 में नागरिक उड्डयन और ऊर्जा के क्षेत्र में नये समझौते किए।
- इंफोसिस टैक्नोलाजी ने 2008 में विकास एवं मरम्मत सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए अमेरिका की कॉनसेको के साथ पाँच वर्ष के लिए क़रार किया।
- अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय ने 2008 में जानलेवा इंजेक्शन के ज़रिये सज़ा-ए-मौत को वैध ठहराया।
- इराक की राजधानी बगदाद में 2013 में हुए बम धमाकों से 27 की मौत, 65 घायल।
- माउंट एवरेस्ट में सन 2014 में आए हिमस्खलन से नेपाल के 12 पर्वतारोहियों की मौत।
- सिक्खों के नौवें गुरु गुरु तेग़ बहादुर का जन्म 1621 में हुआ।
- आधुनिक भारत का सबसे बड़ा समाज सुधारक और उद्धारक धोंडो केशव कर्वे का जन्म 1858 में हुआ।

# महिला वोट बैंक को लुभाने की होड़

चुनाव की तारीखों की घोषणा करते वक्त चुनाव आयोग ने एक ऐसा आंकड़ा दिया था, जो बदलते भारतीय समाज की कहानी कह रहा है। आयोग के मुताबिक देश के बारह राज्य ऐसे हैं, जहां महिला वोटरों की संख्या पुरुष मतदाताओं की तुलना में ज्यादा है। निस्संदेह पिछले कुछ चुनावों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और स्वायत्त फैसले लेने की प्रवृत्ति का नतीजा नजर आने लगा है।

लोकतांत्रिक और शासन प्रक्रिया के राजनीतिक दल ऐसे अंग हैं, जिनके प्रति समाज के एक बड़े तबके की सोच बेहतर नहीं है। इस वजह से राजनीतिक दल को लोकतांत्रिक प्रक्रिया की अनिवार्य बुराई मानने वालों की संख्या भी कम नहीं है। लेकिन इसके बावजूद राजनीतिक दलों का शीर्ष नेतृत्व की सोच और उनका नजरिया कहीं ज्यादा गहरा और दूरंदेशी होता है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री ने पारंपरिक चतुर्वणीय व्यवस्था की बजाय समाज में चार जातियों के रूप में महिला, युवा, गरीब और किसान की पहचान की। चुनावी प्रक्रिया का गहराई से विश्लेषण करें तो पाएंगे कि ये चारों वर्ग मतदान के रुख और मुद्दों को प्रभावित करने का ठोस आधार रखते हैं। तकनीक और संचार क्रांति के भारत में महिलाएं और नौजवान चुनावी उपभोक्ता और ग्राहक-दोनों के रूप में उभरकर सामने आए हैं।

उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ आदि के पिछले विधानसभा चुनावों में भाजपा की आशातीत सफलता की वजह महिलाएं मानी गईं। चुनावी जानकार कल्याण योजनाओं के जरिए उपजे नए वर्ग में महिलाओं की भारी संख्या को सम्मिलित मानता है। पुरुषों की तुलना में महिला वोटरों की ज्यादा संख्या और बेहतर लिंग अनुपात वाले इलाकों के लोकसभा चुनाव नतीजों पर इनका प्रभाव नजर आता है।

चुनाव आयोग के आंकड़े के मुताबिक तुलनात्मक रूप से ज्यादा महिला वोटर और बेहतर लिंग समानता वाले इलाकों से 143 लोकसभा सीटें




आती हैं। इनमें बीजेपी के सांसदों की संख्या 40 है। महिला वर्चस्व या बेहतर लिंगानुपात वाली इन सीटों पर 29 सांसदों के साथ कांग्रेस दूसरे नंबर पर है। तीसरे नंबर पर 17 सीटों के साथ डीएमके है तो चौथे नंबर पर वाईएसआर कांग्रेस है, जिसके दस सांसद हैं। आठ सांसदों के साथ जेडी यू इस लिस्ट में पांचवें नंबर पर है। जबकि बाकी 39 सीटों पर अन्य दलों के सांसद चुने गए हैं।

बेशक महिलाएं अब मतदान में अपनी स्वायत्त सोच का परिचय दे रही हैं। महिलाएं अब पहले की तरह अपने घर के पुरुषों के पसंद वाले दलों और प्रत्याशियों को वोट नहीं दे रहीं, बल्कि अपनी पसंद वाले प्रत्याशी और दल वोट दे रही हैं। यहां ध्यान देने की बात यह है कि महिला प्रधान ये ज्यादातर सीटें उत्तर पूर्व, पूर्व और दक्षिण भारत के राज्यों में हैं। इन राज्यों में ज्यादातर चुनाव पहले से तीसरे दौर में ही खत्म हो जाना है। इसलिए सभी दलों ने महिला वोटरों को लुभाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। पूर्वी भारत के राज्य बंगाल में संदेशखाली का मुद्दा उठाना हो, या दक्षिण भारत की महिलाओं को उनकी सोच के मुताबिक सांस्कृतिक सम्मान बढ़ाने की बात हो या फिर उत्तर पूर्वी राज्यों में बेहतर शासन व्यवस्था देने की बात हो, राजनीतिक दल उन्हें लुभाने की कोशिश में हैं। इस मुहिम में प्रधानमंत्री व अमित शाह के साथ राहुल गांधी भी महिला सम्मान की बात जगह-जगह उठा रहे हैं।

महिला प्रधान उत्तर पूर्व में 25 सीटें आती हैं। जिनमें पिछले चुनाव में बीजेपी को 21 सीटें मिली थीं। पिछली बार उसे चुनौती शरद पवार की एनसीपी और ममता बनर्जी की टीएमसी ने देने की कोशिश की थी। बीजेपी के लिए मणिपुर की हिंसा जरूर असहज स्थिति पैदा कर रही है। कांग्रेस रह-रहकर मणिपुर का सवाल उठा रही है। मणिपुर में बेशक संघर्ष लंबा चला, लेकिन यह भी सच है कि वहां ज्यादातर आंदोलन महिलाओं के ही हाथ में रहता है।

यह सच है कि महिला प्रधान सीटों पर भी चुनाव नतीजों को सिर्फ महिलाओं का मतदान ही प्रभावित नहीं कर रहा। हर सीट पर दूसरे भी कारक किसी खास प्रत्याशी के पक्ष या विपक्ष में मतदान को प्रभावित करते हैं। जिसकी वजह से नतीजों पर असर पड़ता है। लेकिन यह भी सच है कि महिलाएं अब उसी तरह नया वोट बैंक बन रही हैं, जैसे उत्तर भारत में जातीय और धार्मिक समूह वोट बैंक बनते रहे हैं।

निस्संदेह, सामाजिक जागरूकता, शैक्षिक स्तर में वृद्धि व आधुनिक संचार माध्यमों ने महिलाओं की अभिव्यक्ति को नये आयाम दिये हैं।? यही वजह कि अब महिलाओं को साधने की कोशिश में देश के तमाम राजनीतिक दल भी जुट रहे हैं। फिलहाल इस दौड़ में बीजेपी और उसके अगुआ ज्यादा आगे दिख रहे हैं। यह बात और है कि सीमित ही सही, दिल्ली और पंजाब जैसे राज्यों में आम आदमी पार्टी इस दौड़ में शामिल दिख रही है। उसकी कोशिश भी महिला मतदाताओं को जोड़ने की है।

# रामजी की प्राण प्रतिष्ठा तो हो गई...

**गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्रीरामचरितमानस में भगवान श्रीराम के इस धरती पर मानव अवतार में प्रकट होने के संबंध में भी लिखा है- जब जब होहि धर्म की हानि, बाढ़हिं असुर महा अभिमानी, तब-तब धरि प्रभु मनुज शरीरा, हरहिं सकल सज्जन भव पीरा।**

जब से भगवान श्रीरामचंद्र जी का मंदिर श्री अयोध्या जी में बनकर तैयार हो गया, हमारे सांस्कृतिक और राष्ट्रीय गौरव की पुनः प्रतिष्ठा हो गई, उसी समय से यह प्रश्न हर राम भक्त के सामने है कि राम जी का मंदिर बना लेना ही पर्याप्त है या राममय जीवन, राममय राष्ट्र, राममय सामाजिक सांस्कृतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना भी क्यों न हो। उसके लिए गोस्वामी तुलसीदास जी ने राम राज्य का जो वर्णन किया वैसा राम राज्य हमारे देश में और इसके साथ ही विश्व भर में स्थापित होना ही चाहिए, पर याद यह भी रखना होगा कि मदिरालय, वेश्यालय, बूचड़खाने और जुए के अड्डे जब तक देश में रहेंगे राम राज्य कैसे आएगा। यह तो कलियुग के निवास स्थान हैं। याद रखना होगा मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम सत्य, न्याय एवं सद्चरित्र के प्रतीक हैं। युगों-युगों से भारतवासी इस दिवस को गौरव से मनाते आ रहे हैं। कोई किसी भी धर्म, संप्रदाय में आस्था रखने वाला हो, पर श्रीराम जी को जीवन में आदर्श के रूप में स्वीकार करता है। वे आदर्श राजा हैं, आदर्श पुत्र, आदर्श भाई एवं आदर्श पति भी हैं।

गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्रीरामचरितमानस में भगवान श्रीराम के इस धरती पर मानव अवतार में प्रकट होने के संबंध में भी लिखा है- जब जब होहि धर्म की हानि, बाढ़हिं असुर महा अभिमानी, तब-तब धरि प्रभु मनुज शरीरा, हरहिं सकल सज्जन भव पीरा।

इसके साथ ही भगवान राम के इस संसार में अवतरण का उद्देश्य और कारण बताते हुए भी तुलसीदास जी ने कहा है- विप्र धेनु सुर संत हित लीन मनुज अवतार। आज जब हर नगर, प्रदेश और देश से प्रतिदिन महिलाओं के अपमान और उनके साथ बलात्कार की घटनाएं सुनने, देखने को मिलती हैं ऐसे समय में भगवान श्रीराम के वे शब्द जो बाली को तीर मारने के बाद बाली के प्रश्न का उत्तर देते हुए कहे थे, समाज के लिए ज्योतिपुंज और मार्गदर्शक है।

भगवान रामजी का सारा ही जीवन अधर्म और अत्याचार से संघर्ष करते हुए जन-जन के लिए कल्याणकारी, श्रेष्ठ राज्य की स्थापना करने में लगा। जिस समय रामचंद्र जी का राज्याभिषेक करने की तैयारियां हो रही थीं उसी समय उन्हें यह पता चल गया कि उनके पिता ने तो उन्हें 14 वर्ष का वनवास दिया है। मां कौशल्या से भी उन्होंने यही कहा- पिता दीन मोहि कानन राज्य। पिता की आज्ञा का पालन कर श्रीरामचंद्र जी पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण सहित जंगल के लिए चल पड़े। उनका तो जन्म ही अत्याचारियों और राक्षसों को समाप्त करने के लिए हुआ था। वे राजा बनकर अयोध्या में कैसे रुक जाते। यह निश्चित ही उनकी अपनी लीला थी। वनवास काल में जब उन्होंने रावण और अन्य राक्षसों द्वारा मारे गए निर्दोष ऋषि-मुनियों और नागरिकों की अस्थियों के बड़े-बड़े ढेर देखे तो एक आदर्श महामानव और शासक की तरह यह संकल्प लिया- निश्चिर हीन करहूं मही, भुज उठाई प्रण कीन, सकल मुनिन्ह के आश्रमहीं जाई जाई सुख दीन।

जो संकल्प भगवान राम ने लिया उसे एक आदर्श प्रजापालक राजा की तरह अधर्म के प्रतीक राक्षसों के साम्राज्य का नाश करके पूरा किया। जिस रावण के लिए यह कहा जाता था कि काल भी उसके घर में बंधक है और सभी देवता अर्थात प्राकृतिक शक्तियां उसके अधीन हैं उसी रावण को इस तरह वंश सहित नष्ट कर दिया जिससे उसके परिवार में कोई पितरों के नाम पर दीपक जलाने वाला भी न बचा। कवि ने लिखा है-

इक लाख पूत, सवा लाख नाती, ता रावण कर दीया न बाती।

रावण की मृत्यु रामजी के हाथों किसी निजी स्वार्थ अथवा लंका पर विजय प्राप्त कर अपने राज्य का प्रसार करने के लिए नहीं थी, अपितु अधर्म को मिटाकर सुशासन की स्थापना था। रावण के भाई विभीषण को लंका का राज्य सौंपकर स्वयं 14 वर्ष के वनवास की अवधि पूरी होने के साथ ही वे अयोध्या वापस पहुंचने के लिए वचनबद्ध थे। रामजी का स्वदेश प्रेम जो उस समय महाकवि वाल्मीकि जी ने भी संसार को सुनाया वह आज भी सभी देशवासियों के लिए प्रेरणापुंज है।

# मुस्लिमों को भड़काने की कोशिशें चल रही हैं

**कुछ लोग जिनमें मुस्लिमों के अतिरिक्त विपक्षी भी हैं, उन्हें भड़काते चले आए हैं कि सीएए, एनआरसी, एनपीआर आदि ऐसे कानून हैं जिनके काग़ज़ न होने पर उनकी राष्टीयता समाप्त कर दी जाएगी और उन्हें डिटेंशन कैंपों में ठूंस दिया जाएगा जो सरासर बकवास है क्योंकि सीएए से हिंदुस्तानी मुसलमानों का कोई लेना देना नहीं और एनआसी भारत में घुसपैठ कर गैर कानूनी बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं के विरुद्ध है, जबकि एनपीआर मात्र देशवासियों के नाम, पते आदि की लिस्ट है।**

व्हाट्सऐप के यदि लाभ हैं तो कुछ हानियां भी हैं। 2024 के चुनाव से पूर्व इस प्रकार के वीडियो व्हाट्स ऐप द्वारा भेजे जा रहे हैं कि जिनसे मुस्लिम तबक़ा खौफजदा हो रहा है। उदाहरण के तौर पर एक बहुत बड़े व नामचीन, आलिम-ए-दीन का वीडियो वायरल हो रहा है कि जिसमें उन्होंने शुरुआत तो अच्छी की है कि मुस्लिमों से कहा है कि सभी को वोट डाल कर आना है, जो कि एक संवैधानिक और जायज़ बात है। हां, एक-एक मुसलमान से वोट डालने का कारण उन्होंने बताया है, उसमें झोल है बल्कि खतरनाक है, क्योंकि उन्होंने मुस्लिमों से कहा है की अगर मौजूदा सत्ताधारी दल यदि फिर सत्ता में आता है तो बेतहाशा जुल्म-ओ-सितम ढाया जाएगा, सत्ताधारी वर्ग मुसलमानों का जीना हराम कर देगा। अपनी खानकाह से यह भड़काऊ बयान देने वाले वे पहले आलिम नहीं बल्कि अन्य कई बुद्धिजीवी और उलेमा इस प्रकार की बातें कहते सुनाई दे रहे हैं कि यह अंतिम चुनाव है और इसके बाद पूर्ण सत्ता प्राप्ति पर संविधान बदल दिया जाएगा। इस प्रकार के बयान जारी करने वाले वे अकेले नहीं हैं बल्कि चंडूखाने से लाए इस लंपटवादी तथ्य की बौछार सी आई हुई है। गैर सरकारी जानकारी के आधार पर भारत के लगभग 30 करोड़ मुसलमान इस प्रकार के मनगढ़ंत तथ्य और अफवाह के आधार पर डराया जा रहा है। अफवाहों से बचें मुस्लिम यह कुछ इसी प्रकार का झूठ और अफ़वाह है जैसा कि 2014 के चुनाव से पूर्व मुसलमानों को यह कह कर भटकाया और भड़काया जा रहा था कि मोदी प्रधानमंत्री बन गए तो मुसलमानों को अत्याधिक प्रताड़ित किया जाएगा। 2014 के चुनाव से पहले इसी प्रकार का माहौल बनाया जा रहा था और कहा जा रहा था कि वे पूर्ण भारत को गुजरात बना देंगे। बिल्कुल सही, मोदी जी ने पूरे भारत को गुजरात बना दिया, खुशहाली और प्रगति के आधार पर, मुस्लिमों के एक हाथ में कुरान और एक में कंप्यूटर देने के आधार पर, सैंकड़ों जनहित स्कीमें देने के आधार पर अन्य विकास योजनाओं से जनता का लाभान्वित होना हो, 15 वर्ष गुजरात को विकसित करने के बाद भारत को गुजरात जैसा ?विकसित कर रहे हैं। पिछले दस साल में दंगे केवल दो स्थानों पर हुए, पहले मुजफ्फरनगर, जहां समाजवादी पार्टी की सरकार थी और दिल्ली जहां केजरीवाल सरकार है।

कुछ लोग जिनमें मुस्लिमों के अतिरिक्त विपक्षी भी हैं, उन्हें भड़काते चले आए हैं कि सीएए, एनआरसी, एनपीआर आदि ऐसे कानून हैं जिनके काग़ज़ न होने पर उनकी राष्ट्रीयता समाप्त कर दी जाएगी और उन्हें डिटेंशन कैंपों में ठूंस दिया जाएगा जो सरासर बकवास है क्योंकि सीएए से हिंदुस्तानी मुसलमानों का कोई लेना देना नहीं और एनआसी भारत में घुसपैठ कर गैर कानूनी बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं के विरुद्ध है, जबकि एनपीआर मात्र देशवासियों के नाम, पते आदि की लिस्ट है। जो विपक्षी, मुसलमानों को डराते-धमकाते हैं कि यह सरकार 2024 में उन्हें देश निकाला देगी, किसी भारतीय मुस्लिम को देश से नहीं निकाला जा सकता क्योंकि देश को आज़ादी दिलाने में वतन की मिट्टी में उसकी कुर्बानियों का खून मिला हुआ है। मुसलमानों को डराने वाले वे सत्ता के ठेकेदार हैं, जो देश में एक अन्य मोदी विरोधी सरकार के अंदरखाने शह दे रहे हैं। वे आए दिन मुस्लिमों को भ्रमित करते रहते हैं कि संघ परिवार और भाजपा उनको समाप्त करने पर तुले हैं, जो सरासर गलत है जिसका प्रमाण मोदी के पिछले दस वर्ष का ट्रैक है। मोदी ने सत्ता में क़दम रखते ही, सबसे पहले निर्धन गुजराती पतंगसाज मुस्लिमों को 50 करोड़ रुपये से उद्धार किया। बहुत कम लोग इस बात को जानते हैं क्योंकि इस मदद के बाद मोदी ने इसका डंका नहीं पीटा था कि मुस्लिमों का तुष्टिकरण किया जा रहा है, सिवाय इसके कि गांधी नगर के एक अख़बार, में एक छोटी सी रिपोर्ट आ गई, क्योंकि मोदी तुष्टिकरण नहीं बल्कि मुस्लिमों के सशक्तिकरण में विश्वास रखते हैं और अपने मुस्लिम मंत्र, ÷मुस्लिम हमारी संतान की भांति हैं और हम उनके साथ बराबरी का सलूक करना चाहते हैं÷, पर मात्र मौखिक रूप से नहीं बल्कि ज़मीनी सतह पर अपने एक अन्य मंत्र, ÷सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास÷ की छाया में सभी को साथ लेकर चलते हैं।



# RR 12 पॉइंट्स के साथ नंबर-1, चहल के पास पर्पल कैप

मुंबई ● एजेंसी



इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के 17वें सीजन में लीग स्टेज के 31 मैच खत्म हो चुके हैं। राजस्थान रॉयल्स (RR) ने मंगलवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) को हराया। इसके साथ ही लीग में सबसे ज्यादा जीत के साथ टीम ने 12 पॉइंट्स हासिल किए और पॉइंट्स टेबल में नंबर-1 पर जगह बनाई। कोलकाता नंबर-2 पर बरकरार है।

RR के स्पिनर युजवेंद्र चहल पर्पल कैप होल्डर हैं। मंगलवार को उन्होंने 1 विकेट लिया, उनके कुल 12 विकेट हो गए हैं। सुनील नरेन शतक के साथ सिक्स हिटर्स की लिस्ट में दूसरे नंबर पर आ चुके हैं। वहीं, ऋककेे रियान पराग ऑरेंज कैप की रेस में दूसरे नंबर पर पहुंचे।

**12 पॉइंट्स के साथ टॉप पर RR**

मंगलवार रात राजस्थान रॉयल्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 2 विकेट से हराया। ईडन गार्डन्स स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। कोलकाता ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 223 रन बनाए। राजस्थान ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 224 रन बना कर मैच जीत लिया।

राजस्थान के अब तक 7 मैचों में 6 जीत और 1 हार के साथ कुल 12 पॉइंट्स हो गए हैं। टीम को अब प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने के लिए ज्यादा से ज्यादा 3 और मुकाबले जीतने होंगे। टीम 2 मैच जीतने के साथ भी टॉप-4 में जगह बना सकती है, लेकिन उसे रनरेट बेहतर रखना होगा।

कोलकाता नाइट राइडर्स के 6 मैचों में 4 जीत और 2 हार के साथ 8 पॉइंट्स हैं। बेहतर रनरेट होने के कारण टीम CSK और SRH से ऊपर है, जिनके भी 8-8 पॉइंट्स ही हैं। टीम को क्वालिफाई करने के लिए 4 मैच जीतने होंगे। 3 मैच जीतकर टीम बेहतर रन रेट से भी टॉप-4 में जगह बना सकती है।

**ऑरेंज कैप अब भी विराट के पास**

RCB के विराट कोहली ऑरेंज कैप की रेस में अब भी सबसे आगे हैं। उनके नाम 7 मैचों में 361 रन हैं। वहीं रियान पराग 318 रन के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गए।

शतक जमाने के बाद KKR के सुनील नरेन तीसरे नंबर पर आ गए हैं। आज के मुकाबले में गुजरात के शुभमन गिल महज 7 रन बनाकर टॉप-5 में जगह बना सकते हैं। वह 107 रन बनाकर टॉप पर भी जगह बना सकते हैं।

**पर्पल कैप चहल के पास**

पर्पल कैप की लड़ाई में RR के युजवेंद्र चहल 12 विकेट के साथ टॉप पर हैं। KKR के खिलाफ चहल ने 1 विकेट लिया। वहीं, दूसरे नंबर पर 10 विकेट के साथ जसप्रीत बुमराह हैं। आज के मुकाबले में दिल्ली के खलील अहमद के पास 4 विकेट लेकर टॉप पर आने का मौका है। खलील 9 विकेट के साथ छठे नंबर पर हैं। वहीं, GT के मोहित शर्मा 8 विकेट के साथ 11वें नंबर पर हैं। वे 5 विकेट लेकर टॉप कर सकते हैं।

# दीपिका सोरेंग हॉकी इंडिया असुंता लाकड़ा पुरस्कार से सम्मानित



हॉकी इंडिया ने भारतीय महिला हॉकी टीम की फारवर्ड दीपिका सोरेंग वर्ष के उभरते खिलाड़ी के लिए प्रतिष्ठित हॉकी इंडिया असुंता लाकड़ा पुरस्कार से सम्मानित किया है। पुरस्कार से सम्मानित किये जाने पर दीपिका सोरेंग ने हॉकी इंडिया का हार्दिक आभार व्यक्त किया। दीपिका को वर्ष 2023 के दौरान उनके शानदार प्रदर्शन के लिय इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने महिला जूनियर एशिया कप में टीम के लिए पदार्पण करते हुए 6 मैचों में 7 गोल दागकर टीम को स्वर्ण पदक जीतने में मदद की और टूर्नामेंट में टीम के लिए दूसरे सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी के रूप में उभरीं। पुरस्कार मिलने के बाद दीपिका ने कहा कि मुझे यह सम्मान देने के लिए मैं हॉकी इंडिया का आभार व्यक्त करती हूं। जब मेरे नाम की घोषणा की गई तो यह मेरे और मेरे परिवार के लिए एक यादगार पल था। पुरस्कार राशि और पुरस्कार जीतना बहुत बड़ी बात है। यह मुझे और भी बेहतर प्रदर्शन करने और देश को गौरवान्वित करने का साहस, ताकत और प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि मैंने पिछले वर्ष में बहुत प्रगति की है और इसका श्रेय सहायक स्टाफ, कोच और टीम के साथियों को जाता है जिन्होंने लगातार मेरा मार्गदर्शन किया। जब भी मुझे संदेह हुआ तो उन्होंने बहुमूल्य सुझाव दिए और मुझे खुद को साबित करने का मौका भी दिया। उन्होंने कहा कि अपनी टीम के भीतर विश्वास रखना महत्वपूर्ण है और खुद को अभिव्यक्त करने के लिए जगह महसूस करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है और ऐसे शानदार माहौल में रहना मेरे लिए एक उल्लेखनीय अनुभव रहा है। उल्लेखनीय है कि दीपिका को हाल ही में 33 सदस्यीय राष्ट्रीय महिला टीम कोर ग्रुप में नामित किया गया था जो 16 मई तक बेंगलुरु के साई में प्रशिक्षण ले रही है।

# ऑस्ट्रेलिया की आक्रामक शैली से निपटने के लिए बेहतर पासिंग और तालमेल की जरूरत : रूपिंदर

मुंबई ● एजेंसी



भारतीय पूर्व ड्रैग फ्लिक विशेषज्ञ रूपिंदर पाल सिंह को लगता है कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम बेहतर रक्षात्मक तालमेल और बेहतर पासिंग से आस्ट्रेलिया की आक्रामक खेल शैली से निपट सकती है। हाल में भारत को पर्थ में हुई पांच टेस्ट की सीरीज में आस्ट्रेलिया से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। यह दौरा भारत के लिए निराशाजनक रहा जबकि इससे पहले टीम ने एफआईएच प्रो लीग में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। टीम से जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक में तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक से बेहतर या इसके बराबरी वाले प्रदर्शन की उम्मीद है। भारत की 2014 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य सिंह हालांकि आस्ट्रेलिया के खिलाफ इस नतीजे से ज्यादा चिंतित नहीं हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि टीम प्रत्येक मैच के साथ सुधार करती गयी। रुपिंदर सिंह ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, ''हम पहला मैच 5-1 से हारे लेकिन इसके बाद टीम ने सुधार किया और स्कोर बराबरी का रहा। हमने कुछ मौके गंवाये जिसे देखते हुए ओलंपिक से पहले कुछ काम करने की जरूरत है। यह श्रृंखला पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए थी जिसमें नये वैरिएशन और खिलाड़ियों को आजमाया गया था।'' आस्ट्रेलिया की आक्रामक शैली से निपटने के तरीके के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि नये तरह की पासिंग से निपटा जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया, ''आस्ट्रेलिया से निपटने के लिए उच्च स्तर के तालमेल की जरूरत है जिसमें डिफेंडर से डिफेंडर तक गेंद ट्रांसफर, मिडफील्ड में डिफेंडरों के तेज पास, ऊपर के पास इस तरह की शैली से निपटने के लिए फायदेमंद हो सकते हैं।

# ग्रीस के ओलंपिया में जलाई गई पेरिस ओलिंपिक मशाल

## 26 जुलाई से शुरू होगें गेम्स; ग्रीस की राष्ट्रपति कैटरीना एन सकेलारोपोलू सेरेमनी में मौजूद रहीं

पेरिस ● एजेंसी



ओलिंपिक 2024 की मशाल मंगलवार को ग्रीस के ओलंपिया में जलाई गई। इस मशाल को सूर्य की किरणों से जलाया जाता है। आज से पूरे विश्व में मशाल की यात्रा शुरू हो जाएगी। आखिर में यह पेरिस में जा कर रुकेगी। इसे ग्रीक एक्ट्रेस मैरी मीना ने जलाया।पेरिस ओलिंपिक में 100 दिन बचे हैं। पेरिस ओलिंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच होना है। यह सेरेमनी (ओलिंपिक प्लेम लाइटिंग सेरेमनी) मंगलवार को इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी (IOC) के अध्यक्ष थॉमस बाक की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान ग्रीस की राष्ट्रपति कैटरीना एन सकेलारोपोलू भी मौजूद रहीं।

**1928 से जलाई जा रही है ओलिंपिक मशाल**

इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी (IOC) के तत्वावधान में पहला ओलिंपिक 1896 में हुआ। जो एथेंस के पैनाथेनिक स्टेडियम में खेला गया। साल 1928 में नीदरलैंड्स के एम्सटर्डम में आयोजित ओलिंपिक से मशाल जलाने का विचार आया। 1936 में बर्लिन (जर्मनी) ओलिंपिक गेम्स से ओलिंपिक रिले की शुरुआत हुई। ओलिंपिक लौ प्राचीन और आधुनिक खेलों को जोड़ने की एक कड़ी मानी जाती है।

**पेरिस ओलिंपिक्स में ट्रैक का कलर पर्पल होगा**

पेरिस ओलिंपिक में ट्रैक इस बार बैंगनी कलर का होगा। सामान्य रूप से ट्रैक लाल कलर में होता है। टोक्यो में हुए ओलिंपिक गेम्स में ट्रैक लाल कलर का था। पेरिस ओलिंपिक में एथलेटिक्स प्रतियोगिता के इंचार्ज और पूर्व ओलिंपियन एलेन ब्लोंडेल ने कहा है कि ट्रैक का रंग बैंगनी देने की वजह यह है कि बैंगनी कलर पेरिस ओलिंपिक खेल के रंगों में से एक है। हाल ही ओलिंपिक एसोसिएशन ने पेरिस ओलिंपिक खेल के लिए तीन रंगो को चयनित किया था। जिसमें गुलाबी, नीला और बैंगनी कलर शामिल थे।

# ◇ विजडन टॉप-5 क्रिकेटर्स ऑफ द ईयर में तीन ऑस्ट्रेलियाई

## कमिंस लीडिंग क्रिकेटर इन द वर्ल्ड, हेड ने विजडन ट्रॉफी जीती

नई दिल्ली ● एजेंसी



विजडन क्रिकेटर्स अलमानेक 2024 ने साल के टॉप-5 क्रिकेटर्स की लिस्ट जारी कर दी है। टॉप-5 क्रिकेटर्स ऑफ द ईयर में मिचेल स्टार्क, उस्मान ख्वाजा, एशले गार्डनर, हैरी ब्रूक और मार्क वुड शामिल हैं। विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड क्रिकेट का सबसे पुराना इंडिविजुअल अवॉर्ड है। विजडन 1889 से हर साल यह लिस्ट जारी कर रहा है। सिलेक्शन पिछले इंग्लिश सीजन में परफॉर्मेंस के आधार पर होता है। कोई भी खिलाड़ी एक से ज्यादा बार यह अवॉर्ड नहीं जीत सकता है। विजडन के एडिटर लॉरेंस बूथ ने मंगलवार को पांचों नामों की घोषणा की।

**कमिंस की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया तीन बड़े टूर्नामेंट जीता**

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और नैट साइवर-ब्रंट को विजडन लीडिंग क्रिकेटर इन द वर्ल्ड से सम्मानित किया गया है। विजडन लीडिंग क्रिकेटर इन द वर्ल्ड अवॉर्ड दुनिया के कुछ सबसे अनुभवी लेखकों और कमेंटेटर्स के परामर्श से विजडन क्रिकेटर्स अलमानेक के एडिटर द्वारा दिया जाता है। सिलेक्शन पिछले कैलेंडर ईयर में दुनिया भर में कहीं भी खिलाड़ी के परफॉर्मेंस पर आधार पर होता है। खिलाड़ी एक से ज्यादा बार अवॉर्ड जीत सकते हैं। कमिंस की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया जून में ICC वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और नवंबर में वनडे वर्ल्ड कप जीता था। दोनों का फाइनल भारत के खिलाफ खिलाफ खेला गया था। इसके अलावा उनकी कप्तानी में पिछले साल इंग्लैंड में 2-2 से एशेज सीरीज भी ड्रॉ हुई थी।

**ट्रैविस हेड ने विजडन ट्रॉफी जीती**

ट्रैविस हेड ने विजडन ट्रॉफी जीती है, जो पिछले कैलेंडर ईयर के दौरान टेस्ट क्रिकेट (मेंस या विमेंस) में सबसे अच्छे इंडिविजुअल परफॉरमेंस के लिए दी जाती है। हेड को यह अवॉर्ड भारत के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में खेली गई 163 रन की पारी के लिए दिया गया है। हेली मैथ्यूज को टी-20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया है। इसे पिछले कैलेंडर ईयर के परफॉर्मेंस के लिए किसी भी मेंस या विमेंस प्लेयर को दिया जाता है।

# वोडाफोन-आइडिया का FPO आज ओपन होगा

## ◘ इसमें 22 अप्रैल तक निवेश का मौका, कंपनी ने एंकर इन्वेस्टर्स से रूपए 5,400 करोड़ जुटाए

मुंबई ● एजेंसी




वित्तीय संकट से जूझ रही टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया (VI) का FPO आज यानी गुरुवार (18 अप्रैल) से ओपन हो रहा है। कंपनी इसके जरिए 18,000 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। निवेशक इसमें 22 अप्रैल तक निवेश कर पाएंगे। अमेरिकी इन्वेस्टमेंट फर्म GQG पार्टनर्स और SBI म्यूचुअल फंड इस FPO में कुल मिलाकर 80 करोड़ डॉलर (करीब 6,500 करोड़ रुपए) तक निवेश कर सकते हैं।

**यह अब तक का सबसे बड़ा FPO**

यह अब तक का सबसे बड़ा FPO है। भारतीय मार्केट में अभी सबसे बड़ा FPO यस बैंक का है, जो 15 हजार करोड़ रुपए का था। वहीं अडाणी एंटरप्राइजेज पिछले साल जनवरी में 20 हजार करोड़ रुपए का FPO लाई थी। हालांकि, बाद में कंपनी ने इसे वापस ले लिया। अगर ऐसा न करती तो अडाणी एंटरप्राइजेज सबसे बड़े FPO लाने वाली कंपनी होती।

**FPO के लिए प्राइस बैंड रूपए 10 से रूपए 11 के बीच**

कंपनी ने अपने FPO के लिए प्राइस बैंड रूपए 10 से रूपए 11 के बीच तय किया है। निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 1298 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। ऐसे में यदि आप FPO के अपर प्राइज बैंड रूपए 11 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं तो आपको रूपए 14,278 लगाने होंगे।

वोडाफोन आइडिया का 5G रोलआउट करने का प्लान FPO का ऐलान के समय वोडाफोन आइडिया ने एक रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा था कि कंपनी 5G रोलआउट करने, 4G सर्विस को बेहतर करने, टैक्स और बकाया का भुगतान करने के लिए इस फंड का इस्तेमाल करेगी। इसके साथ ही यह फंडरेजिंग कंपनी को अपनी कॉम्पिटेटिव पोजिशनिंग में सुधार करने और बेहतर कस्टमर एक्सपीरियंस प्रोवाइड करने में भी सक्षम बनाएगा।

**VI ने एंकर इन्वेस्टर्स से 5,400 करोड़ रुपए जुटाए**

FPO ओपन होने से पहले VI ने 74 एंकर इन्वेस्टर्स से 5,400 करोड़ रुपए जुटाए हैं। कंपनी ने BSE फाइलिंग में इस बात की जानकारी दी है। VI ने इसके लिए 11 रुपए प्रति शेयर के हिसाब से 491 करोड़ शेयर्स एलॉकेट किए।

निवेशकों में सबसे ज्यादा 26% शेयर GQG पार्टनर्स को मिले हैं, GQG ने इसके लिए 1,345 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इसके अलावा फिडेलिटी इन्वेस्टमेंट्स ने रूपए 772 करोड़, ट्रू-कैपिटल और ऑस्ट्रेलियन सुपर ने रूपए 331 करोड़ और रूपए 130 करोड़ का इन्वेस्टमेंट किया है।

निवेशकों में द मास्टर ट्रस्ट बैंक ऑफ जापान, UBS, मॉर्गन स्टेनली इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स, ऑस्ट्रेलियन सुपर, फिडेलिटी, क्वांट और मोतीलाल ओसवाल शामिल हैं।

**FPO क्या होता है?**

फॉलो ऑन पब्लिक ऑफर (FPO) एक ऐसी प्रोसेस है जिसके ऐसी कंपनी जो पहले से शेयर बाजार में लिस्ट है, वह निवेशकों या मौजूदा शेयर होल्डर्स, आम तौर पर प्रमोटर्स को नए शेयर इश्यू करती है। आसान भाषा में समझे तो शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनियां सेकेंडरी मार्केट में नए शेयर इश्यू करके फंड जुटाती हैं।

**Q3FY24 में कंपनी का नेट लॉस घटकर रूपए 6,986 करोड़ रहा**

दिसंबर में खत्म हुई तिमाही में वोडाफोन आइडिया का कंबाइंड नेट लॉस घटकर 6,986 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल 7,990 करोड़ रुपए और इससे पिछली तिमाही में 8,738 करोड़ रुपए था। इसके साथ ही कंपनी ने कुछ पॉजिटिव संकेत भी दिखाए हैं।

**इस साल 24.12% गिरा कंपनी का शेयर**

वोडाफोन-आइडिया का शेयर 16 अप्रैल को 1.90% की गिरावट के बाद 12.90 रुपए पर बंद हुआ। कंपनी के शेयर ने पिछ्ले 6 महीने में 8.40%, एक साल में 113.22% का पॉजिटिव रिटर्न और इस साल अब तक 24.12% का निगेटिव रिटर्न दिया है।

# IMF ने भारत की GDP ग्रोथ का अनुमान 0.30% बढ़ाया

नई दिल्ली ● एजेंसी

**वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 6.8% किया, जनवरी में 6.5% बताया था**




इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड यानी IMF ने 16 अप्रैल को भारत के लिए FY-25 की GDP ग्रोथ रेट के अपने अनुमान में बढ़ोतरी की है। IMF ने इसे 0.30% बढ़ाकर 6.8% कर दिया है। IMF ने इससे पहले जनवरी में FY-25 में देश की इकोनॉमी 6.5% की दर से बढ़ने की उम्मीद जताई थी।

**भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती इकोनॉमी**

IMF ने डोमेस्टिक डिमांड की स्थिति और बढ़ती कामकाजी उम्र की आबादी का हवाला देते हुए भारत के लिए ग्रोथ रेट के अनुमान में बढ़ोतरी की है। इसके साथ, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती इकोनॉमी बना हुआ है, जो इसी अवधि के दौरान चीन के 4.6% के ग्रोथ रेट अनुमान से आगे है।

**FY-2026 में भारत की GDP ग्रोथ रेट 6.5% रहेगी**

IMF का मानना है कि फाइनेंशियल ईयर 2026 में भारत की GDP ग्रोथ रेट 6.5% रहेगी। ग्लोबल फाइनेंशियल एजेंसी का अनुमान है कि FY-25 में भारत की रिटेल इन्फ्लेशन 4.6% और FY-26 में 4.2% रहेगी।

**भारत में ग्रोथ रेट 2025 में 6.5% रहने का अनुमान**

IMF द्वारा जारी वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक के लेटेस्ट एडिशन में कहा गया कि भारत में ग्रोथ रेट 2024 में 6.8% और 2025 में 6.5% रहने का अनुमान है, यह डोमेस्टिक डिमांड में लगातार मजबूती और कामकाजी उम्र की बढ़ती आबादी को दर्शाती है।

**चीन में ग्रोथ रेट 2024 में 4.6% होने का अनुमान**

इसके साथ ही उभरते और विकासशील एशिया में ग्रोथ 2023 में अनुमानित 5.6% से घटकर 2024 में 5.2% और 2025 में 4.9% होने की उम्मीद है। IMF ने कहा कि चीन में ग्रोथ रेट 2023 में 5.2% से धीमी होकर 2024 में 4.6% और 2025 में 4.1% होने का अनुमान है।

**2024 और 2025 में ग्लोबल रियल GDP ग्रोथ 3.2% रहेगी**

IMF ने कहा कि ग्लोबल इकोनॉमी धीमी लेकिन स्थिर वृद्धि के एक और साल के लिए तैयार है। IMF ने 2024 और 2025 के लिए ग्लोबल रियल GDP ग्रोथ 3.2% होने का अनुमान लगाया है, जो 2023 के समान रेट है।

**ग्लोबल इकोनॉमी काफी लचीली बनी हुई है: IMF चीफ इकोनॉमिस्ट**

IMF के चीफ इकोनॉमिस्ट पियरे-ओलिवियर ने कहा कि हमने पाया है कि ग्लोबल इकोनॉमी काफी लचीली बनी हुई है। उन्होंने कहा कि कई देशों ने मंदी की निराशाजनक भविष्यवाणियों को खारिज कर दिया है, क्योंकि केंद्रीय बैंकों ने इन्फ्लेशन से लड़ने के लिए ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है। IMF ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि कई देशों में कोविड-19 महामारी और जीवन-यापन की लागत संबंधी संकटों का असर कम दिखाई दे रहा है। इसके साथ ही उत्पादन, भविष्यवाणी की तुलना में महामारी के पहले के लेवल पर तेजी से लौट रहा है।

# भारत में काम करने के लिए TCS सबसे अच्छा वर्कप्लेस

नई दिल्ली प्रोफेशनल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म लिंक्डइन (LinkedIn) ने भारत की 25 बेस्ट वर्कप्लेस वाली कंपनियों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) इस साल भी टॉप पर बनी हुई है। पिछले साल भी भारत में काम करने की सबसे अच्छी कंपनियों की लिस्ट में TCS टॉप पर थी। वहीं, टॉप 25 कंपनियों की इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर एक्सेंचर, तीसरे नंबर पर कॉग्निजेंट, चौथे नंबर पर मैक्वेरी ग्रुप और पांचवे नंबर मॉर्गन स्टेनली है।

लिंक्डइन ने कहा कि यह हमारी टॉप 25 कंपनियों की 8वीं एनुअल लिस्ट है, जो भारत में आपके करियर को आगे बढ़ाने के लिए ग्लोबल स्तर पर 5,000 से ज्यादा एम्प्लॉइज वाले वर्कप्लेस के बारे में बताती है। मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज को लिंक्डइन ने इस साल टॉप 25 बेस्ट वर्कप्लेस कंपनियों की लिस्ट में शामिल नहीं किया है।

# मल्टी-कैप फंड्स ने 1 साल में दिया 52% का रिटर्नः इसमें SIP के जरिए तैयार कर सकते हैं बड़ा फंड, जानें इसमें जुड़ी खास बातें



नई दिल्ली अगर आप कम जोखिम के साथ किसी ऐसी स्कीम में निवेश करना चाहते हैं जहां आपको FD से ज्यादा रिटर्न मिले तो आप म्यूचुअल फंड की मल्टी-कैप स्कीम्स ने निवेश कर सकते हैं। इस कैटेगिरी के फंड्स ने बीते 1 साल में 52% तक का रिटर्न दिया है। मल्टी-कैप फंड के तहत लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप में निवेश किया जाता है। सेबी के नए नियमों के अनुसार मल्टी-कैप फंड में लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप तीनों में 25-25% हिस्सा रखना होगा। फंड मैनेजर को न्यूनतम 75% इक्विटी और इक्विटी ओरिएंटेड फंड में निवेश रखना होगा।

मान लीजिए फंड मैनेजर के पास निवेशकों का कुल 100 रुपए हैं। यहां फंड मैनेजर को न्यूनतम 75 रुपए इक्विटी और इक्विटी ओरिएंटेड फंड में निवेश करना होगा। जिसमें 25-25 रुपए लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप तीनों में लगाना होगा। बाकी बचे हुए 25 रुपए फंड मैनेजर अपने हिसाब से निवेश कर सकते है। यदि आप इक्विटी फंड्स में इन्वेस्ट करना चाहते हैं लेकिन ज्यादा-रिस्की एक्सपोजर लेना नहीं चाहते, तो आप टॉप-रेटेड मल्टी-कैप फंड्स में इन्वेस्ट कर सकते हैं। मार्केट कैपिटलाइजेशन के हिसाब से ये फंड्स अच्छी तरह डाइवर्सिफाइड भी होते हैं।

# X पर पोस्ट, लाइक और रिप्लाई के पैसे लगेंगेः AI का खतरा कम करना चाहती है कंपनी; इसकी न्यूजीलैंड और फिलीपींस में टेस्टिंग हुई

नई दिल्ली ● एजेंसी



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर अब पोस्ट लिखने, लाइक करने, बुकमार्क करने और रिप्लाई करने के लिए चार्ज देना होगा। X के मालिक एलन मस्क ने अपने हैंडल पर एक यूजर की पोस्ट के जवाब में यह बात कही है।

कंपनी यह चार्ज नए X यूजर्स पर लगाने का प्लान कर रही है। इसके लिए कितना चार्ज लगेगा, कब से लगेगा, इसके बारे में फिलहाल कोई जानकारी X की ओर से नहीं दी गई है। X से जुड़ी चीजों पर चर्चा करने वाले प्लेटफॉर्म X-न्यूज के मुताबिक, कंपनी ने पिछले साल अक्टूबर में इस पॉलिसी की टेस्टिंग और इम्प्लिमेंटेशन न्यूजीलैंड और फिलीपींस में कर चुकी है। इसका सालाना चार्ज एक डॉलर रखा था।

**मस्क बोले- बॉट्स के हमले को रोकने का एकमात्र तरीका**

मस्क ने अपनी पोस्ट में लिखा, बॉट्स के निरंतर हमले को रोकने का एकमात्र तरीका है कि कंपनी नए यूजर्स को राइटिंग एक्सेस देने के लिए एक छोटी-सी फी चार्ज करे। मौजूदा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ट्रोल फार्म्स आसानी से एक्सेस टेस्ट क्या आप एक बोट हैं को पास कर जाते हैं। दरअसल, बॉट्स एक AI आधारित रिस्पांस टूल है। इसका इस्तेमाल कर कोई भी किसी भी यूजर के पोस्ट पर अनगिनत रिएक्शन दे सकता है, लाइक कर सकता है, रिपोस्ट कर सकता है।

**दो साल पहले फ्री था ट्विटर, मस्क सब्सक्रिप्शन लेकर आए**

मस्क ने अक्टूबर 2022 में ट्विटर को 44 बिलियन डॉलर में खरीदा था। तब तक यह प्लेटफॉर्म पूरी तरह से फ्री था। कुछ यूजर्स जिनके ज्यादा फॉलोअर्स होते थे और जो कंपनी की गाइडलाइन के मुताबिक चलते थे, ट्विटर उनका अकाउंट फ्री में वेरिफाइ करता था और ब्लूटिक देता था।

लेकिन मस्क ने इसे खरीदने के बाद ही कई बड़े बदलाव किए- ट्विटर का नाम बदलकर अब X कर दिया, फ्री प्लेट फॉर्म को सब्सक्रिप्शन बेस्ड बना दिया और बड़ी संख्या में कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया।

X में सबसे बड़ा बदलाव दुनियाभर में ब्लू सब्सक्रिप्शन प्लान का लॉन्च किया जाना था।

# सदैव ऑफिशियल वेबसाइट से ही बनवाएं पहचान-पत्र : एडीजी देशमुख

## - एडीजी योगेश देशमुख ने सायबर सेल मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पत्रकारों को दी जानकारी

भोपाल। राज्य में सायबर क्राइम की रोकथाम और शातिर अपराधियों की धरपकड़ के लिए मध्य प्रदेश पुलिस निरंतर सक्रियता और तत्परता से कार्य कर रही है। इसी अनुक्रम में भोपाल की राज्य सायबर पुलिस ने ऑनलाइन माध्यम से फर्जी पहचान-पत्र बनाकर देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया तथा आंतरिक सुरक्षा को खतरे में डालने वाले आरोपी को महज 2 सप्ताह में बिहार के पूर्वी चंपारण से गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। एडीजी, स्टेट सायबर पुलिस योगेश देशमुख ने सायबर सेल मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पत्रकारों को यह जानकारी दी। बैठक में सायबर सेल एसपी वैभव श्रीवास्तव सहित अन्य पुलिस अधिकारी और बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।



ऑनलाइन माध्यम से फर्जी पहचान-पत्र बनाकर देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया तथा आंतरिक सुरक्षा को खतरे में डालने वाले को राज्य सायबर पुलिस ने महज 2 सप्ताह में किया गिरफ्तार

**आरोपी को बिहार से किया गिरफ्तार**

एडीजी योगेश देशमुख ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समस्त राज्यों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों को यह शिकायत भेजी गई कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फर्जी वेबसाइट बनाकर उससे लोगों के अवैध मतदाता फोटो पहचान पत्र तैयार किए जा रहे हैं। भोपाल स्थित राज्य सायबर पुलिस मुख्यालय को मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के माध्यम से 27 मार्च 2024 को यह जानकारी प्राप्त हुई। एडीजी देशमुख ने बताया कि उक्त शिकायत संवेदनशील होने के कारण राज्य सायबर पुलिस मुख्यालय ने इसे अत्यंत गंभीरता से लिया और तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। राज्य सायबर टीम ने तत्काल कार्यवाही करते हुए विवेचना प्रारंभ की। विवेचना टीम द्वारा बिहार के हरसिद्धि, मोतिहारी, पूर्वी चंपारण में तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अलग-अलग स्थानों पर आरोपी की पहचान स्थापित करने के लिए तकनीकी तथ्यों व ओपन सोर्स इंटेलिजेंस नेटवर्क टूल्स के आधार पर कई लोगों से पूछताछ की तथा मुख्य आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर अपराध में प्रयुक्त फर्जी बैंक खातों की पासबुक, एटीएम कार्ड, पेटीएम क्यूआर कोड, सोर्स कोर्ड आदि विधिवत जब्त किए। तत्पश्चात पुलिस ने गहन तकनीकी साक्ष्यों का संग्रहण कर इस केस के मास्टरमाइंड आरोपी रंजन पिता अशोक चौबे आयु 20 वर्ष, निवासी सोनवर्षा, थाना हरसिद्धि, जिला पूर्वी चंपारण, बिहार को चिन्हित् कर पूर्वी चंपारण, बिहार से मात्र 2 सप्ताह में गिरफ्तार कर लिया गया।

**कोई भी 20 रुपए का भुगतान कर बना सकता था फर्जी आईडी**

एडीजी देशमुख ने बताया कि आरोपी द्वारा बनाई गई फर्जी वेबसाइट के माध्यम से कोई भी व्यक्ति किसी भी अन्य का फोटो. नाम, पता, हस्ताक्षर एवं अन्य जानकारी का उपयोग कर फर्जी मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड प्राप्त करने के लिए क्यूआर कोड के माध्यम से मात्र 20 रुपए का भुगतान कर फर्जी आईडी प्राप्त कर सकता था या फिर उसे मूल आईडी के रूप में भी उपयोग कर सकता था। उन्होंने बताया कि इस फर्जी वेबसाइट पर अब तक 28 हजार हिट्स हो चुके हैं और नवंबर से अब तक आरोपी इस वेबसाइट के माध्यम से 3 लाख रुपए ठग चुका है।

आरोपी द्वारा स्वयं को गोपनीय रखने हेतु अपनाए गए तरीके

एडीजी देशमुख ने बताया कि आरोपी रंजन मात्र 10वीं उत्तीर्ण था। उसने वेबसाइट बनाने का पूरा कार्य यू-ट्यूब के माध्यम से सीखा। उसने ऑनलाइन माध्यम से सोर्स कोड खरीदा और उसमें परिवर्तन कर फर्जी खाते में रुपए प्राप्त करने लगा। उसने उत्तर प्रदेश से फर्जी सिम ली, पेटीएम व एसबीआई के फर्जी खाते बनाए और डार्कवेब से फर्जी क्रेडिट कार्ड भी बनाया। वेबसाइट तैयार करने के लिए आरोपी ने विदेश में स्थित कंपनी से डोमेन खरीदा, टेलीग्राम के माध्यम से फर्जी पहचान प्राप्त करके सर्वर स्पेस खरीदा और अमेरिकन सर्वर के माध्यम से इनडायरेक्ट क्लाउड होस्टिंग की। आरोपी हर कम्युनिकेशन के लिए फर्जी ई-मेल का इस्तेमाल करता था।

**देशहित में करें अपनी प्रतिभा का उपयोग : एडीजी**

एडीजी देशमुख ने कहा कि किसी भी असुरक्षित और फर्जी वेबसाइट पर विजिट करने से बचें। मतदान पहचान पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि किसी भी तरह के पहचान-पत्र सदैव शासन द्वारा मान्य या सत्यापित वेबसाइट से ही बनवाएं। नया पहचान-पत्र बनवाने के लिए शासन या विभाग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करें। उन्होंने कहा कि नागरिक भी इस तरह की वेबसाइट्स से किसी तरह की फर्जी आईडी न बनाएं, न उपयोग करें और न ही अपने पास रखें। पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने कहा कि युवा भी अपनी प्रतिभा का गलत उपयोग न करें। अपने इस टैलेंट को देश के हित में उपयोग करें।

# उम्मीदवारों को आपराधिक प्रकरण का विज्ञापन जारी करना होगा

**श्योपुर,** लोकसभा निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दल आपराधिक इतिहास के विवरण सर्व साधारण की जानकारी के अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफार्म एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित करेंगे। प्रथम प्रकाशन अभ्यर्थिता वापसी दिनांक से 4 दिवस के अन्दर द्वितीय प्रकाशन नाम वापसी के बाद के पांचवे दिन से आठवें दिन के मध्य और तृतीय प्रकाशन नाम वापसी के नौवें दिन से प्रचार समाप्ति के पूर्व मतदान दिवस के दो दिवस पूर्व तक किया जाना है।निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार राष्ट्रीय समाचार पत्र जिनकी कम से कम एक संस्करण की संख्या डीएवीपी अथवा ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन के मानक अनुसार न्यूनतम 75 हजार से अधिक हो एवं जिनका एक से अधिक राज्य में सर्कुलेशन हो। इसी प्रकार ऐसे स्थानीय समाचार पत्रों जिनमें संख्या डीएवीपी अथवा ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन के मानक अनुसार न्यूनतम 25 हजार हो, में प्रकाशन की कार्यवाही की जाना है। रिटर्निंग ऑफीसर की हैण्डबुक के एनेक्जर - 47 के आपराधिक प्रकरण वाले अभ्यर्थी एवं राजनैतिक अंतर्गत प्रारूप सी-1 से सी-8 तथा प्रारूप सीए का उल्लेख है।

# अधिकाधिक मतदान के लिये करें हर जरूरी उपाय : राजन

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कलेक्टर्स, स्वीप के जिला नोडल एवं नगर निगम आयुक्तों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिये

श्योपुर, मतदाता जागरुकता गतिविधियों में और तेजी लायें। हर जरूरी उपाय कर मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक लाने के लिये जागरुक करें तथा अधिकाधिक मतदान सुनिश्चित करायें। प्रयास यह हो कि लोकसभा निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत विधानसभा निर्वाचन से अधिक ही हो। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने मंगलवार को सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों, स्वीप के जिला नोडल अधिकारियों तथा प्रदेश के सभी नगर निगमों के आयुक्तों को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये यह निर्देश दिये। राजन ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये ऐसी आकर्षक गतिविधियां आयोजित करें, जिससे मतदाता वोट करने के लिये स्वतरू प्रेरित हों।

**मतदान केन्द्रों को वोटर्स फ्रेन्डली बनायें**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने कहा कि सभी कलेक्टर्स मतदान केन्द्रों को वोटर्स फ्रेंडली बनायें। मतदान करने मतदान केन्द्र तक आये मतदाता को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो। इसके लिये मतदान केन्द्र में सभी समुचित व्यवस्थाएँ की जायें। मतदान केन्द्र में छाया, ठण्डा पानी, दवा, ओआरएस पैकेट उपलब्ध रहें। मतदान दल या अन्य किसी को भी चिकित्सा सहायता की आवश्यकता होने पर उसे तत्काल उपचार मिल सके, इसके लिये सभी प्रबंध किये जायें। सेक्टर ऑफिसर्स के साथ पैरामेडिकल स्टॉफ भी मौजूद रहे।

**लम्बी कतारें न लगें, इसके लिये अतिरिक्त कर्मचारी भी लगायें**

राजन ने सभी कलेक्टर्स एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों से कहा कि मतदान करने के लिये मतदाताओं को लंबी लाईनों में कतई इंतजार न करना पड़े। इसके लिये वे मतदान केन्द्रो में अतिरिक्त कर्मचारी भी लगा सकते हैं। प्रयास करें कि मतदाता कम से कम समय में मतदान कर लें।



**भण्डार केन्द्रों का निरीक्षण कर लें**

राजन ने कहा कि सभी कलेक्टर्स अपने क्षेत्रान्तर्गत सभी प्रकार के वेयरहाउसेस और भण्डार केन्द्रों का सघन निरीक्षण कर लें और यह देखें कि वहां किसी भी प्रकार की अवैध सामग्री या आपत्तिजनक वस्तु का भण्डारण तो नहीं किया गया है। इसके लिये वे अपने सूचना व निगरानी तंत्र को और अधिक मजबूत करें।

**प्रोटोकॉल का अक्षरशः पालन करायें**

राजन ने कहा कि सभी कलेक्टर्स एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के पहले 72 घण्टे, 48 घण्टे और 24 घण्टे पहले की जाने वाली जरूरी गतिविधियों के लिये निर्धारित एसओपी (प्रोटोकॉल्स) का अक्षरशरू पालन सुनिश्चित करें, कमियों को दूर कर लें।

**प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों का परिणाम दिखाई देना चाहिए**

राजन ने सभी कलेक्टर्स से कहा कि वे आपराधिक तत्वों पर सख्त प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करें। ऐसे नोटिस की तत्काल तामीली करवायें और ऐसी कार्रवाई के बारे में मीडिया के जरिये सभी को जानकारी भी दें। प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों का परिणाम दिखाई भी देना चाहिए। अपराधी तत्वों पर कड़ाई से अंकुश लगाने के लिये उन्हें जिलाबदर करें और उनकी निगरानी भी करायें।

**वोटर पर्ची तथा वोटर गाईड जल्द वितरित करायें**

राजन ने कहा कि मतदाताओं को उनके मतदान केन्द्र की जानकारी देने के लिये सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जल्द से जल्द वोटर पर्ची और वोटर गाईड का वितरण करायें। मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक आने के लिये विभिन्न तरीकों से आमंत्रित भी करें। ईव्हीएम की समुचित तरीके से कमिशिनंग करायें। निर्वाचन के हर कार्य में पूरी पारदर्शिता बरतें और प्रयास करें कि निर्वाचन से जुड़ी हर प्रक्रिया के संपादन के समय राजनैतिक दल या अभ्यर्थी या उनके प्रतिनिधि भी उपस्थित रहें।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कुमार कौल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मनोज खत्री, तरूण राठी, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद शुक्ला एवं श्रीमती निमिषा जायसवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर एनआईसी कक्ष श्योपुर में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेश कुमार जांगिड, स्वीप नोडल अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत अतेन्द्र सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ अनुज कुमार रोहतगी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**वेबसाईट पर भी देखे जा सकेंगे**

लोकसभा निर्वाचन -2024 में अभ्यर्थियों द्वारा भरे जाने वाले नाम निर्देशन पत्र के साथ शपथ पत्र फार्म 26 का आयोग के निर्देशानुसार चिन्हित स्थानों एवं वेबसाइट में प्रदर्शन किया जाएगा। शपथ पत्र को राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाईट www.ceomadhyapradesh.nic.in में affidavits लिंक में जाकर देखा जा सकता है।

# कार्यपालन यंत्री पीएचई द्वारा ग्राम ढेगदा का भ्रमण

**श्योपुर,क**लेक्टर लोकेश कुमार जांगिड द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में कार्यपालन यंत्री शुभम अग्रवाल द्वारा ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रो में पेयजल की उपलब्धता के संबंध में लगातार भ्रमण कर पेयजल स्त्रोतो का जायजा लेते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में कार्यपालन यंत्री पीएचई शुभम अग्रवाल द्वारा आज ग्राम सारसिल्ला, भोजका और कैरका का निरीक्षण किया गया। उन्होने बताया कि 60-70 परिवारो की आबादी वाले ग्राम सारसिल्ला में नलजल योजना संचालित है, इसके अलावा एक मोटर पम्प स्कूल परिसर का भी चालू है तथा गांव में फिलहाल पेयजल से संबंधित कोई समस्या नही है। ग्राम कैरका में 70 परिवारो की बस्ती पर दो मोटरपम्प चालू है, ग्राम की नलजल योजना मोटरपम्प खराब होने से बंद थी, जिसका सुधार कार्य पंचायत द्वारा कराया जा रहा है। ग्राम भोजका में 250 परिवारो की बस्ती है तथा 4 मोटरपम्प स्थापित है। पेयजल की आपूर्ति को देखते हुए एक अतिरिक्त नवीन बोर कराये जाने की प्रक्रिया की जा रही है।



# 18 हैंडपम्पो की मरम्मत कर चालू किये गये

**श्योपुर,** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड द्वारा ग्रीष्मकाल में पेयजल की उपलब्धता के संबंध में किये जा रहे उपायो के तहत अब पीएचई विभाग द्वारा पेयजल स्त्रोतो तथा हैंडपम्पो की मरम्मत के संबंध में प्रतिदिन पेयजल बुलेटिन जारी किया जा रहा है। संबंधित गांव के व्यक्ति सुधार हुआ है या नही इसकी पुष्टि कर सकते है और यदि सुधार एवं मरम्मत नही की गई है, तो उसकी जानकारी अगले 4 दिवस में प्रदान कर सकते है। पेयजल स्त्रोतो की मरम्मत के संबंध में भ्रामक जानकारी देने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। जानकारी कार्यपालन यंत्री पीएचई शुभम अग्रवाल के मोबाइल नंबर 6387520477 पर दी जा सकती है। इन निर्देशो के क्रम के कार्यपालन यंत्री शुभम अग्रवाल द्वारा बताया गया है कि दिनांक 16 अप्रैल को 18 हैंडपम्पो की मरम्मत कर सुधार किया गया है तथा आदिवासी ब्लॉक कराहल के ग्राम मसावनी, बर्धाखुर्द तथा पहेला में पेयजल आवश्यकताओ को देखते हुए नवीन बोर कराये गये है। इसके अलावा श्योपुर विकासखण्ड के ग्राम फूल्दा के दुर्गापुरी माता मंदिर के पास सिंगल फेस मोटरपम्प स्थापित किया गया है।

16 अप्रैल को कराहल विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम बमौरी में पुलिया के पास, बरगवा में जगमोहन के पास तथा पालकपुर में स्कूल वाले हैंडपम्प को मरम्मत कर सुधारा गया है। श्योपुर विकासखण्ड के ग्राम ढोढर में मेला मैदान, टीकमपुरी हनुमानजी, प्राथमिक विद्यालय तथा नीमदा सहराना स्थित हैंडपम्पो को सुधारने की कार्यवाही की गई है। ग्राम बिलोनी में प्राथमिक शाला, हनुमान जी मंदिर का हैंडपम्प भी सुधारा गया है।विजयपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम फरारा-कोटा में नहर के पास, बेहटा में आंगनबाडी के पास, आदिवासी बस्ती के पास, खेरोदाकला में आंगनबाडी के पास, पंचायत सचिव के घर के पास, कल्ला जाटव के घर के पास एवं शंभू राठौर के घर के पास तथा ग्राम अकोरिया में सरपंच के घर के पास तथा बाला का सहराना स्थित हैंडपम्पो की मरम्मत की गई है।उक्त निर्देशो के क्रम में पीएचई विभाग द्वारा प्रत्येक दिन सुधारे गये हैंडपम्प, मोटर पम्प तथा अन्य पेयजल स्त्रोतो के संबंध में बुलेटिन जारी किया जा रहा है।

# इंदौर जिले में खुले/अनुपयोगी बोरिंग का बंद कर पंचायतों को देना होगा प्रमाण पत्र प्राप्त

**इन्दौर।** इंदौर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रीष्मकाल को देखते हुए पेयजल व्यवस्था सुगम बनाये रखने के निर्देश दिये गये है। जिला पंचायत के सीईओ श्री सिद्धार्थ जैन ने पेयजल व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों की बैठक ली और पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में जिले की समस्त जनपद पंचायत सीईओ, सहायक यंत्री मनरेगा, सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, उद्योग विभाग के जनपद प्रभारी एवं जिला पंचायत के सभी परियोजना अधिकारी के कार्यो की समीक्षा की गई ।

महू जनपद के ग्राम सिलोटिया, जुलवानिया एवं जाकुखेडी में पेयजल स्त्रोत की समस्या ज्ञात होने पर पीएचई विभाग को इन ग्रामों में नवीन सोर्स के लिये कार्य करने के निर्देश दिये गये । देपालपुर के ग्राम ललेण्डीपुरा एवं महू के ग्राम जुलवानिया में पेयजल स्त्रोत के रूप मे मनरेगा अन्तर्गत सामुदायिक निर्मल नीर कूप निर्माण की आवश्यकता बताई गई । ग्राम कुशलपुरा, कदवाली, रामघाट पलाशघाट की मोटर चोरी होने पर सीईओ जिला पंचायत द्वारा पीएचई सहायक यंत्री महू को निर्देशित किया गया कि मोटर चोरी के संबंध में पुलिस प्रकरण दर्ज कराये। ग्राम में पेयजल व्यवस्था बनाने के लिये अन्य वैकल्पिक मोटर की कार्यवाही की जाये । उन्होंने क्षतिग्रस्त पाइल लाइन को दुरस्थ करने के निर्देश दिये। सांवेर के ग्राम पंचडेरिया में कालोनाईजर द्वारा पेयजल व्यवस्था नही करने पर उनके विरूद्ध कालोनी सेल को प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिये गये । जनपद देपालपुर अन्तर्गत ग्राम डासरी, पलासिया पार एवं जलोदियापंत मे नलजल योजना सुधार हेतु सीईओ जनपद को निर्देशित किया गया ।



समीक्षा बैठक में रीवा जिले मे ट्युबवेल में फसने से बच्चे की दुर्घटना मृत्यु के प्रकाश में श्री जैन द्वारा सीईओ जनपद पंचायतों को निर्देशित किया गया कि सभी पंचायत सचिवो से उनके क्षेत्र में खुले पड़े अनुपयोगी बोर का बंद किये जाने का प्रमाण पत्र प्राप्त कर जिले को प्रतिवेदन प्रस्तुत करे। सहायक यंत्री मनरेगा, सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक अधिकारी अगले 10 दिवस में क्षेत्र भ्रमण कर 20-20 अनुपयोगी बोरवेल के सुरक्षित बंद करने का स्थल सत्यापन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करे ।

# सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर

**राजगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। संपूर्ण निर्वाचन कार्यक्रम के दौरान राजनैतिक दलों, सभी शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों एवं आम नागरिकों से आदर्श आचरण संहिता का पालन सुनिश्चित किए जाने की अपेक्षा की जाती है। राजनैतिक दलों, चुनाव लड़ रहे अभ्यंर्थियों एवं आम नागरिकों से कहा गया है कि वे विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम पर किसी भी प्रकार से आपत्तिजनक पोस्ट न करें, तथ्यों, चित्रों, आडियो, वीडियो को तोड़-मरोड़कर पोस्ट न करें, जिससे सामाजिक, धार्मिक या व्यक्तिगत विद्वेष उत्पन्न होने की आशंका है। ऐसा किए जाने पर आईटी एक्ट एवं अन्य सुसंगत प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राजनैतिक दलों से अपेक्षा की गई है कि सभाओं, रैलियों, जुलूस के रूप में चुनाव प्रचार एवं जनसंपर्क के दौरान किसी भी प्रकार की विवादित टिप्पणियों अथवा व्यक्तिगत आरोपों से बचें। बिना अनुमति के रैली, जुलूस, सभा, प्रदर्शन अथवा वाहनों के माध्यम से प्रचार न करें। आदर्श आचरण संहिता का पालन सुनिश्चित करें। पर्याप्त निगरानी किये जाने एवं अवांछनीय गतिविधियों पर पैनी नजर रखने निगरानी दलों का गठन किया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय ने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन हेतु सभी से आदर्श आचरण संहिता का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किए जाने की अपील की है।

# क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की तुरंत मरम्मत के कलेक्टर ने दिए निर्देश जिले के 41779 किसानों से 306167 मेट्रिक टन गेंहूँ की खरीदी

**सीहोर।** जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में सीएम हेल्पलाइन, लंबित एवं समय सीमा वाले पत्रों की समीक्षा की गई। कलेक्टर सिंह ने सभी अधिकारियों को कहा कि वो प्राप्त आवेदनों के निराकरण के मामलो में तेजी लाने के साथ ही प्रकरणों का त्वरित संतुष्टिपूर्ण निराकरण करते हुए विभागीय रैंकिंग में 80 प्रतिशत से बनाये रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि ऐसे आवेदन जो मांग , बजट से संबंधित है उन आवेदनों को फोर्स क्लोज कराने की कार्यवाही की जाए। वहीं ऐसे आवेदन जिनका निराकरण प्रदेश स्तर पर होना है उन पत्रों के संबंध में निराकरण के निहित बिंदुओं व कारणो का स्पष्ट उल्लेख कर विभाग प्रमुख को प्रेषित किए जाए ताकि समय सीमा में सम्पूर्ण कार्यवाही होकर प्रकरण निराकृत हो सकें।

कलेक्टर सिंह ने लोकसेवा गारंटी, आरसीएमएस, भूमि अधिग्रहण न्यायालय तथा आयोग के पत्रों पर कार्यवाही के साथ ही अनेक विभागों के विभागीय कार्य की समीक्षा की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अशीष तिवारी, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर सुवंदना राजपूत, आनंद सिंह राजावत, नितिन टाले, डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह, सभी एसडीएम सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

निर्वाचन गतिविधियों की समीक्षा

कलेक्टर सिंह ने लोकसभा निर्वाचन के कार्यो की समीक्षा के दौरान कहा कि आयोग द्वारा जिन विषयों पर जानकारियां चाही जाती है वे समय सीमा में पहुंचाया जाना सुनिश्चित करें। निर्वाचन के किसी भी कार्य में न तो स्वंय विलम्ब करें और न ही किसी के द्वारा होने दें। उन्होंने कहा कि जिसे जो दायित्व सौपा गया है वो पूरी गंभीरता से निर्वहन करें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि एफएसटी, व्हीएसटी के द्वारा अब सधन जांच पड़ताल की जाएऔर जिले की सीमा में किसी भी प्रकार के अनैतिक गतिविधियां न होने पाए। किसी भी प्रकार से प्रतिबंधित सामग्री का परिवहन ना हो पाए इसके लिए चौकियो पर सघन जांच पड़ताल हो। जांच पडताल से संबंधित सम्पूर्ण कार्यवाही की वीडियो रिकार्डिग अनिवार्य रूप से कराई जाए।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

बैठक मेंकलेक्टर सिंह ने जिले में मतदाता जागरूकता के लिए चलाये जा रहे अभियान का की बात करते हुये कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए स्वीप कैलेण्डर के अनुसार सभी कार्यवाहियों सुनिश्चित की जाएं। नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता संबंधी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएं। उन्होंने कहा कि विधानसभा निर्वाचन में जिस प्रकार मतदाताओं की रूचि मतदान में रही है ठीक वैसे ही लोकसभा की मतदान तिथि 07 व 13 मई को परिलक्षित हो इसके लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हर स्तर पर प्रभावी ढंग से लगातार आयोजित हो।

उपर्जान केन्द्रों की व्यवस्था संबंधी निर्देश

कलेक्टर सिंह ने जिले में गेहूं उपार्जन कार्यो की समीक्षा के दौरान जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कार्यों के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि जो केन्द्र प्रारंभ नहीं हुए हैं उन्हें शीघ्र प्रारंभ किया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि 41779 किसानों से 306167 मेट्रिक टन गेंहूँ की खरीदी की गई है। इसी प्रकार 598 मेट्रिक टन चने की खरीदी की जा चुकी है।

क्षतिग्रस्त पाइप की तुरंत मरम्मत कराएं

कलेक्टर सिंह ने पेयजल संबंधी कार्यो की समीक्षा के दौरान कहा कि निर्माण एवं विकास कार्यों के दौरान पानी सप्लाई की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने पर संबंधित विभाग एवं ठेकेदार द्वारा तुरंत मरम्मत कराई जाए ताकि शीघ्र पेयजल आपूर्ति बहाल की जा सके। इसके साथ ही ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार पेयजल की व्यवस्था के निर्देश दिए।

# कमीशनिंग, सीलिंग एवं रिकार्ड संधारण संबंधी प्रशिक्षण 19 को

**विदिशा।** अपर कलेक्टर एवं प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी श्री अनिल कुमार डामोर ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले की समस्त विधानसभा क्षेत्रों में ईव्हीएम, व्हीव्हीपैट की कमीशनिंग, सीलिंग एवं रिकार्ड संधारण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार 19 अप्रैल को आयोजित किए गए है।

अपर कलेक्टर श्री डामोर ने बताया कि विधानसभा स्तर पर आयोजित होने वाले उक्त प्रशिक्षण के लिए मॉनिटरिंग हेतु अधिकारी, कर्मचारी नियुक्त किए गए है। तदानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 144 विदिशा के लिए संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मोहिनी शर्मा को मॉनिटरिंग कार्य हेतु नियुक्त किया गया है वहीं उनके सहयोग के लिए डाईट के व्याख्यता श्री अजय श्रीवास्तव को अधिकृत किया गया है इसी प्रकार 145 बासौदा के लिए डिप्टी कलेक्टर श्रीमती निकिता तिवारी को तथा सहयोग हेतु एसएटीआई डिग्री के सहायक प्राध्यापक श्री चंद्रपाल सिंह को नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 146 कुरवाई (अजा) के लिए संयुक्त कलेक्टर श्री विनीत तिवारी को व सहयोगी हेतु सहायक प्राध्यापक श्री अस्मुरारी नंदन को, 147 सिरोंज के लिए डिप्टी कलेक्टर श्री संतोष बिटौलिया को व सहयोगी डाइट प्राचार्य श्री राकेश बरसैया को नियुक्त किया गया है जबकि विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 148 शमशबाद में ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट की कमीशनिंग, सीलिंग एवं रिकार्ड संधारण प्रशिक्षण की मॉनिटरिंग के लिए संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शशि मिश्रा को तथा डाईट व्याख्याता श्री बलवीर सिंह रघुवंशी को सहयोगी नियुक्त किया गया है।

# दिव्यांगों और बुजुर्ग मतदाताओं का डाकमत पत्र से मतदान होगा दो दिन

**रीवा।** निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 में दिव्यांग मतदाताओं तथा 85 साल से अधिक आयु के मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा दी गई है। इन्हें डाक मतपत्र से मतदान कराया जाएगा। जिन दिव्यांग तथा बुजुर्ग मतदाताओं ने निर्धारित प्रपत्र में डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा के लिए आवेदन किया है उन्हें घर-घर जाकर 18 एवं 19 अप्रैल को डाक मतपत्र से मतदान कराया जाएगा। इसके लिए जिले भर में 67 दल तैनात किए गए हैं। इनकी तैनाती विधानसभावार की गई है। मतदान कराने के लिए दल 18 अप्रैल को सुबह 6 बजे सहायक रिटर्निंग आफीसर कार्यालय से रवाना होंगे। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक कराया जाएगा।

इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि घर-घर जाकर मतदान कराने के लिए जाने वाले मतदान दल में पीठासीन अधिकारी, माइक्रो आब्जर्वर, वीडियोग्राफर और सुरक्षा कर्मचारी शामिल रहेंगे। सभी सेक्टर आफीसर भी मतदान के समय उपस्थित रहेंगे। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी मतदान के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। मतदान की गोपनीयता बनाए रखते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार घर से मतदान संपन्न कराएं। यदि कोई चिन्हित मतदाता प्रथम दिवस घर पर नहीं मिलता है तो उसके घर पर मतदान की सूचना देकर अगले दिन पुनः जाकर मतदान कराएं। दूसरे दिन भी यदि मतदाता अनुपस्थित रहता है तो पंचनामा बनाकर प्रतिवेदन तैयार करें। मतदान पूरा कराने के बाद सभी दल सहायक रिटर्निंग आफीसर को मतपेटी जमा करेंगे। सहायक रिटर्निंग आफीसर इसे स्ट्रांग रूम में संधारित करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। दिव्यांगों तथा बुजुर्ग मतदाताओं से मतदान कराते समय उनके अच्छे फोटोग्राफ्स लेकर निर्वाचन के ग्रुप में उपलब्ध कराएं। कलेक्टर ने कहा है कि सभी दल पूरी सजगता से निर्वाचन कार्य संपन्न करायें।

# कन्या-लांगुरा भोज के साथ चैत्र नवरात्र पर्व का हुआ समापन, रामनवमी मनाई गई







**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना।** चैत्र नवरात्र पर्व का बुधवार को कन्या भोज के साथ समापन हो गया। शहर के प्राचीन महामाया मंदिर, बड़ोखर माता मंदिरों पर शनिवार को दुर्गाष्टमी की शाम से ही हवन-पूजन कार्यक्रम शुरू हो गए थे। बुधवार को तड़के पूर्णाहुति के बाद कन्या, लांगुरा भोज के आयोजन किए गए। मुरैना शहर के देवी मंदिरों सहित अंचल के प्राचीन मंदिर बहरारा, बड़ोखर माता मंदिर, बसैया माता मंदिर, निरार माता सहित अन्य मंदिरों पर मेलों का आयोजन हुआ।

***बसैया मंदिर पर उमड़े श्रद्धालु, मेले का आयोजन, चढ़ाए गए नेजे***

चैत्र नवरात्र के समापन पर अंचल के प्राचीन विख्यात बसैया माता मंदिर पर विशाल मेले का आयोजन हुआ। मेले में मां आदिशक्ति के दर्शन करने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचें थे। गुरुवार को मंदिर पर ऐसे श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में पहुंचें थे, जिन्हें अपनी मन्नत पूरी होने पर मंदिर पर नेजा (ध्वज पताका) चढ़ाना था।

### रामनवमी मनाई गई

बुधवार को रामनवमी के मौके पर नगर के विभिन्न मंदिरों में प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। शहर के मध्य स्थित रामजानकी मंदिर, हनुमान चौराहा स्थित मंदिर, जिला चिकित्सालय के पीछे स्थित राम मंदिर आदि में भगवान का जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर प्रभु श्रीराम का आकर्षक श्रृंगार किया गया। दोपहर 12 बजते ही भगवान की आरती हुई तथा भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर हजारों लोग मौजूद थे।

## नागाजी मंदिर में मनी रामनवमी

**मुरैना/पोरसा।** श्री नाराजी मंदिर में महामंडलेश्वर महंत रामलखन दास महाराज के सानिध्य में भगवान रामजी का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। भगवान रामजी का दूध, दही, शक्कर, गंगाजल आदि से अभिषेक किया गया तथा नवीन वस्त्र धारण कराए गए। भगवान राम की महाआरती की गई तथा अंत में भंडारा प्रसादी का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में महामंडलेश्वर महंत रामलखन दास महाराज, पुजारी शिवकुमार शुक्ला, संत रामरतन दास गढ़वाले बाबा, संत अशोक प्रिया, पुजारी संजू दास महाराज, सोमेंद्र सिंह तोमर, देवेश सिंह तोमर, अशोक सिंह तोमर, वीरू सिंह तोमर, विश्वनाथ सिंह तोमर, सचिन सिंह, अरविंद सिंह, अरुण सिंह, संदीप उपाध्याय, गौरव सिंह तोमर, संतोष उपाध्याय, गब्बर सखबार, विजय शुक्ला सहित कई सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



# महामृत्युंजय अनुष्ठान के समापन पर भगवान शिव की आराधना कर विश्व शांति की कामना की

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना/अम्बाह।** नगर की समाधिया कॉलोनी में विश्व शांति एवं जन सामान्य के बेहतर स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए आयोजित सात दिवसीय महामृत्युंजय जाप, रूद्राभिषेक एवं हवन यज्ञ अनुष्ठान का समापन मंगलवार को हो गया। इस महामृत्युंजय जप रूद्राभिषेक एवं यज्ञ को विद्वान ब्राह्मणों के सहयोग से सम्पन्न कराया गया। इस मौके पर प्रतिष्ठाचार्य उपाध्याय जी महाराज ने बताया कि विश्व शांति के लिए महामृत्युंजय का जप, रूद्राभिषेक अनुष्ठान और हवन यज्ञ विधिवत रूप से करवाया गया है। महामृत्युंजय मंत्र के महत्व के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि संस्कृत में महामृत्युंजय उस व्यक्ति को कहते हैं जो मृत्यु को जीतने वाला हो। इसलिए भगवान शिव की स्तुति के लिए महामृत्युंजय मंत्र का जाप किया जाता है। इसके जाप से संसार के सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है। ये मंत्र जीवन देने वाला है। महामृत्युंजय मंत्र जपने से अकाल मृत्यु तो टलती ही है, साथ ही आरोग्यता की भी प्राप्ति होती है। उन्होंने और कहा कि इस मंत्र का जाप करने से बहुत सी बाधाएं दूर होती है, अतः इस मंत्र का यथासंभव जप करना चाहिए।



### वैदिक मंत्रोच्चारण से वातावरण हुआ भक्तिमय

समापन पर सुख-समृद्धि की कामना को लेकर भक्तों द्वारा हवन कुण्ड में आहुति प्रदान की गई। वैदिक मंत्रोच्चरण के बीच हवन यज्ञ को संपन्न किया गया। वैदिक मंत्रों की ध्वनि से वातावरण आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत रहा। इस दौरान उपाध्याय जी महाराज ने कहा कि यज्ञ करने से कष्टों से छुटकारा मिलता है। मानव कल्याण के लिए यज्ञ अनुष्ठान जरूरी है। यज्ञ में हवन आहुति करने से मन को शान्ति मिलती है, तथा आन्तरिक एवं वाह्य शक्तियां बलवती होती हैं। समापन के दौरान महाप्रसाद का भी आयोजन किया गया था। देशभर से आये वैदिक ब्राह्मणों के द्वारा महामृत्युंजय जाप, रूद्राभिषेक एवं हवन यज्ञ अनुष्ठान का समापन कराया गया।

# पत्नी के खिलाफ शिकायत करने थाने पहुंच पति कहा बेटियों की करती है मारपीट

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना/अम्बाह।** पोरसा चौराहे पर रहने वाले एक पीड़ित व्यक्ति ने अपनी पत्नी के खिलाफ अम्बाह थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी उसके साथ एवं अपनी तीनों बेटियों के साथ मारपीट करती है। पीड़ित पति ने पुलिस को बताया कि मारपीट की रिकॉर्डिंग भी उसके पास है, जिसमें देखा जा सकता है कि उसकी पत्नी घर में बेटियों की और अपने पति की किस तरह मारपीट करती हैं। पोरसा चौराहा निवासी संजय गुप्ता पुत्र चंद्रभान गुप्ता ने पुलिस को बताया कि 20 साल पहले उसकी शादी मीना देवी गुप्ता से हुई थी। हमारे तीन बेटी एवं एक बेटा है। पिछले कुछ दिनों से मेरी पत्नी मेरे साथ मारपीट करती है और गंदी-गंदी गालियां देती हैं। पीड़ित ने बताया कि उसकी पत्नी ने अपनी तीन बेटियों को भी नहीं बख्शा है और वह उनसे भी अभद्र शब्दों का इस्तेमाल करती है।



पीड़ित ने पुलिस से कहा कि अक्सर लड़ाई-झगड़ों से घर का माहौल खराब हो रहा है। मीना देवी अक्सर अपनी बेटियों को बेल्ट से मारती है एवं उनको गंदी-गंदी गालियां देती हैं। मैं जब उसे ऐसा करने से रोकता हूं तो वह मेरी भी मारपीट करती है और जान से मारने की धमकी देती है पीड़ित ने पुलिस को बताया कि इस सब माहौल से उसकी बेटियां और वह मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहा है और उनका भविष्य खराब हो रहा है। वहीं पुलिस में इस मामले में आवेदन लेकर जांच प्रारंभ कर दी हैं।

# जैन मिलन महिला वर्धमान शाखा की अध्यक्ष बनीं रूबी जैन

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना।** भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 2 के तहत कार्यरत समाजसेवी संस्था जैन मिलन महिला वर्धमान शाखा मुरैना की एक आवश्यक बैठक क्षेत्रीय संयोजिका वीरांगना सरिता जैन के निज निवास पर आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ भगवान महावीर स्वामी की वंदना गायन से किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें वीरांगना रूबी जैन को अध्यक्ष, वीरांगना सुप्रिया जैन को सचिव, वीरांगना अंजलि जैन को कोषाध्यक्ष, वीरांगना निधि जैन को उपाध्यक्ष एवं वीरांगना रीना जैन को सह सचिव चुना गया। बैठक में भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याण महोत्सव को सेवा दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान सभी नवीन पदाधिकारियों का तिलक लगाकर एवं माल्यापर्ण कर स्वागत भी किया गया। कार्यक्रम में सरिता जैन, सुप्रिया जैन, रूबी जैन, दीपिका जैन, अंजली जैन, निधि जैन, रीना जैन सहित सभी अन्य महिलाएं भी मौजूद रहीं। बैठक में संस्था की विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा के साथ-साथ आगामी कार्यक्रम भी तय किए गए। कार्यक्रम में अध्यक्ष वीरांगना रूबी जैन ने कहा कि समाज सेवी संस्था भारतीय जैन मिलन के माध्यम से आप सभी धर्म व समाज के साथ-साथ मानव सेवा के पुनीत कार्य भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि शाखा में अपनी सक्रियता से हमें न केवल स्थानीय स्तर पर पहचान मिलती है बल्कि संस्था के माध्यम से हम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जुड़ जाते हैं और अनेक तरह के लाभ हमें अपने जीवन में प्राप्त होते हैं। वीरांगना सरिता जैन ने कहा कि हम जो भी आयोजन करें उसकी रिपोर्ट अपने क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय पदाधिकारियों को जरूर भेंजे। वीरांगना सुप्रिया जैन ने कहा कि वरिष्ठों के मार्गदर्शन व सहयोग से वह संस्था के उद्देश्यों के अनुरूप शाखा को गति देने का पूरा प्रयास करेंगी।



# राम समस्त मानव जाति के लिए आस्था एवं विश्वास के केंद्र, उनके जीवन आदर्शों को आत्मसात करे युवा पीढ़ी

### मप्र शिक्षक संघ ने बृद्धाश्रम में वरिष्ठजनों एवं दिव्यांग छात्रों के साथ मनाई श्रीरामनवमी, हुआ संगोष्ठी का आयोजन

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना।** भगवान श्रीराम पूरी मानव जाति के लिए आदर्श के रूप में युगों-युगों से सभी के अन्तःकरण में स्थापित हैं। राम समस्त मानव जाति के लिए आस्था एवं विश्वास का प्रतीक है। भगवान श्रीराम पुराण पुरूष हैं, उन्हें खोजने की आवश्यकता नहीं हैं। वे हमारे अंतरचरित के मानव है, हमें भगवान राम को समझने से अधिक राम के जीवन मूल्यों व आदर्शों को समझना चाहिए, तभी सच्चे अर्थो में हम राम के निकट पहुंच पाएंगे। यह बात मप्र शिक्षक संघ के संभागीय अध्यक्ष डॉ. नरेश सिंह सिकरवार ने कही। डॉ सिकरवार चैत्र शुक्ल पक्ष की श्रीरामनवमी के अवसर मप्र शिक्षक संघ के तत्वावधान में 'हम सबके राम' विषयक संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। इस पावन अवसर पर मप्र शिक्षक संघ द्वारा वृद्धाश्रम में वृद्धजनों एवं दिव्यांग छात्रों को भोजन कराया गया और रामनवमी मनाई।



संगोष्ठी में संभागीय अध्यक्ष डॉ. सिकरवार ने कहा कि भारतीय संस्कृति के आदर्शों को व्यावहारिक जीवन में मूर्तिमान करने वाले भगवान राम हर भारतीय के हृदय में बसते है। उन्होंने व्यक्ति और समाज के उत्कृष्ट स्वरूप को अक्षुण्ण रखने एवं विकसित करने के मार्ग को अपने पुण्य-चरित्रों द्वारा जन साधारण के सामने प्रस्तुत किया है। ठोस शिक्षा की पद्धति भी यही है कि जो कहना हो, जो सिखाना हो, जो करना हो, उसे वाणी से कम और अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करने वाले आत्म-चरित्र द्वारा अधिक व्यक्त किया जाय। भगवान श्रीराम का जीवन सदैव अनुशासित और मर्यादित रहने से वे मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए। शिक्षकों के साथ समाज के हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि हम भगवान राम के उच्च जीवन आदर्शों को आत्मसात करें। कोषाध्यक्ष विमलेश यादव ने कहा कि राम के जीवन चरित्र में सारे जीवन मूल्यों का समावेश है। इसमें सामाजिक, राजनैतिक व सांस्कृतिक सभी तरह के मूल्य शामिल हैं। राम हमारे आदर्श हैं क्योंकि उन्होंने सच्चे अर्थों में इन मूल्यों को आत्मसात किया है। इस अवसर पर प्रमुखरूप से रघुराज परमार, डॉ. हरेंद्र तोमर, रामावतार सिंह चंबल, सतंजय मिश्रा, भुवनेश्वर यादव, विमलेश यादव, सत्यव्रत उपाध्याय, रोहित यादव, रूप सिंह सिकरवार, नरेंद्र सिंह पायथा, जगदीश शर्मा, प्रदीप शर्मा, कुलदीप कुलश्रेष्ठ, राजेश शर्मा, अभिषेक सिंह सिकरवार, शिवा यादव आदि शामिल रहे।

## फायर करने वाले तीन आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज

**मुरैना।** मंगलवार को कस्बा जौरा में व्यवसाई के घर के बाहर हुई फायरिंग को लेकर पुलिस ने दो नामजद सहित एक अज्ञात के विरुद्ध धारा-336 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने इस मामले में कपिल सिकरवार निवासी सिकरौदा, आकाश सिकरवार निवासी खिड़ौरा का नामजद किया है। जबकि एक अज्ञात के विरुद्ध भी मामला दर्ज किया गया है। बता दें कि बदमाशों ने टेरर टैक्स न दिए जाने पर व्यवसाई कमलेश पुत्र बुद्धीराम गुप्ता निवासी एमएस रोड जौरा की दुकान के सामने 16 अप्रैल की रात को ताबड़तोड़ फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया था।

### घायल वृद्ध की दौराने उपचार मौत

**मुरैना।** दिमनी थाना क्षेत्र में विगत 28 मार्च को हुए एक सड़क हादसे में वृद्ध रामसनेही 65 पुत्र राजाराम बुरी तरह जख्मी हो गया था। उसे जेएएच ग्वालियर में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

# महावीर जयंती के उपलक्ष्य में भजन संध्या एवं बधाई के कार्यक्रमों का आयोजन हुआ

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना।** महावीर जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिदिन मंदिरों में बधाई गीत एवं भजनों संध्या का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इसी कम में जैन मिलन महिला राजुल द्वारा लोहिया बाजार स्थित जैन मंदिर में भजनों एवं बधाइयां के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जैन मिलन हमेशा ही सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में सक्रिय रहा है। इसी क्रम में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भगवान महावीर के भजन एवं बधाई गीतों तथा भक्ति की गई, जिसमें महिलाओं ने नृत्य कर अपनी आस्था प्रकट की। इस अवसर पर भारतीय जैन मिलन की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष वीरांगना शिल्पी जैन, पालीवाल मंडल के अध्यक्ष श्रीमती करुणा जैन, अतिवीरांगना रेनू जैन, अध्यक्ष सुनीता जैन, मंत्री आशिमा जैन, संयोजिका सरिता जैन, कार्यकारणी सदस्य लीना जैन, बबीता, नीलिमा, सविता, रीना, शिवानी, पिंकी एवं समाज की महिलाओं ने इसमें अपने भागीदारी देकर कार्यक्रम को भक्ति और उत्साह से परिपूर्ण कर दिया।



# व्यक्तित्व विकास में सहायक है प्रोत्साहन एवं पुरस्कार : सुधीर आचार्य

## ब्राइट कैरियर एकेडमी में प्राइज ऑफ़ द वीक का शुभारंभ

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना/अम्बाह।** करत-करत अभ्यास के जड़ मति होत सुजान,रसरी आवत जात से, सिल पर परत निशान... कवि वृंद के दोहे को उद्धृत करते हुए शिक्षाविद् और समाज सेवी सुधीर आचार्य ने ब्राइट कैरियर एकेडमी के 'प्राइज ऑफ़ द वीक' का शुभारंभ करते हुए विद्यार्थियों से कहा कि जिस विषय में भी तुम अव्वल होना चाहते हो उसे विषय के पीछे लग जाओ और ठान लो कि इस विषय को अपना बना कर छोड़ना है, कहने का मतलब है जिस क्षेत्र में भी आगे बढ़ना चाहते हो उसके लिए उतना प्रयास और निरंतर अभ्यास तब तक करते रहो जब तक कि तुम्हें सफलता न मिल जाए। अभी छोटी-छोटी प्रतियोगिता, कार्यक्रमों प्रस्तुतियां के लिए मिल रहे पुरस्कारों को छोटा मत समझो क्योंकि यह तुम्हारे अंदर नई ऊर्जा भर रहे हैं जो तुम्हें मन चाहे क्षेत्र में और अच्छा करने के लिए प्रेरित करेंगे। आचार्य ने कहा कि पुरस्कार एवं प्रोत्साहन से प्रतिभा में निखार आता है और हम लक्ष्य की और तेजी से बढ़ने लगते हैं। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. प्रगति शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ व्यवहारिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, कला, संस्कृति नृत्य गायन खेलकूद, चित्रकारी, रोबोटिक टेक्निक जैसी विभिन्न विधाओं के लिए पुरुस्कृत किया जा रहा है। सप्ताह भर चलने वाले पुरस्कार वितरण की जानकारी देते हुए डॉ. प्रगति शर्मा ने कहा कि अलग-अलग विधाओं के पुरस्कार अलग-अलग दिवस में वितरित होते हैं वितरण से पूर्व उन विधाओं के बारे में विशेषज्ञ द्वारा और जानकारी प्रदान की जाती है। कार्यक्रम संयोजन राहुल गुप्ता संगीता तोमर और रानी शर्मा ने संयुक्त रूप से किया है। संचालन देव गुर्जर ने और प्रबंधन गोपाल दीक्षित अरविंद माहौर ने किया।







# माहेश्वरी के नेतृत्व में श्रीराम लला रथयात्रा का भव्य स्वागत किया गया

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना/जौरा।** विगत दिवस रामनवमी के अवसर पर जौरा नगर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की रथ यात्रा निकाली गई। इस रथयात्रा चल समारोह का नपाध्यक्ष अखिल माहेश्वरी के निज निवास आजाद रोड़ पर उनके नेतृत्व में पुष्प वर्षा करते हुए भगवान श्रीराम लला की आरती कर पूजा अर्चना की गई।

श्री माहेश्वरी ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के पवित्र शुभ दिन पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम भगवान श्रीराम के चरित्र व आदर्शों पर अनवरत चलकर जगत् कल्याण में जुटे रहें। इस मौके पर पार्षद विनोद रावत बंटी, दामोदर जाटव, बीरबल जाटव, कदम सिंह कुशवाहा, पंकज सिंह जाटव, शिवदयाल सिंह गौर, अनिल वर्मा, डॉ. रवीन्द्र त्यागी के साथ-साथ आशीष गर्ग सोनू, एडवोकेट दिनेश सिंह सिकरवार, विमल शर्मा, मोनू त्यागी आदि सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# हरसिद्धि मंदिर पर आज होगा दंगल का आयोजन

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना।** जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर पर स्थित कुन्तलपुर कोतवाल गांव में माँ हरसिद्धी देवी के दर्शन एवं पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। एक अन्य जानकारी में भक्तगण राघवेंद्र सुल्तान सिंह हर्षाना नाका ने बताया है कि मेले के समापन पर दंगल का आयोजन होगा। दशमी को गुरुवार 18 अप्रैल समय 1 बजे दोपहर से शाम 6 बजे तक दंगल सम्पन्न होगा, जिसमें ग्रामीण व शहरी पहलवान अपनी कला दिखायेंगे, जिसमें बहुत दूर तक के पहलवान आते हैं। एमपी, यूपी, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली काई अन्य राज्यों के पहलवान आते हैं, जिससे 50 रूपये से लेकर कई हजारों रूपय तक की कुश्ती कराई जाती है।



# कठपुतली के प्रदर्शन से मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित अस्थान के निर्देशन पर मुरैना जिले में स्वीप की गतिविधियां संचालित की जा रही है।

स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ. इच्छित गढ़पाले, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर प्रदीप तोमर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रिहान अली जैदी के मार्गदर्शन में नगर परिषद जौरा द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिये प्रतिदिन स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने हेतु नवाचार किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर परिषद जौरा द्वारा शहर के मुख्य चौराहे पर कठपुतली शो के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल पर मतदाताओं को 07 मई को मतदान करने हेतु प्रेरित कर शपथ भी दिलाई गई। कठपुतली कार्यक्रम को शहर की जनता द्वारा काफी सराहा जा रहा है। नगर परिषद जौरा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी रेहान अली जैदी ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान हेतु स्वीप गतिविधि के माध्यम से नगर परिषद जौरा द्वारा प्रतिदिन नवाचार किया जा रहा है। इन नवाचारों में मतदाता जागरूकता नाटक हस्ताक्षर अभियान, रंगोली, मेहंदी, कठपुतली शो के माध्यम से शहर के मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।



# राम के बिना भारत की कल्पना करना असंभवः चौहान

## पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रामनवमी के पावन पर्व पर विदिशा के किलेंदर स्थित प्राचीन बालाजी मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश व प्रदेशवासियों के सुख-समृध्दि की कामना की

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रामनवमी के पावन पर्व पर विदिशा के किलेंदर स्थित प्राचीन बालाजी मंदिर में प्रभु श्रीराम के दर्शन कर पूजा अर्चना की और मंडली के साथ जमीन पर बैठकर भजन भी गाए। पूर्व सीएम ने कहा कि, राम हमारे अस्तित्व हैं, राम हमारे आराध्य हैं, राम हमारे प्राण हैं राम हमारे रोम-रोम में रमें हैं हर सांस में बसें हैं। बिना राम के ये देश पहचाना नहीं जा सकता। श्री चौहान ने कहा कि, मैं भगवान से सिर्फ यही मांगता हूं कि, मुझे धन, बल, विद्या, स्वर्ग और मुक्ति नहीं चाहिए, मुझे तो मरने के बाद बार-बार इसी जनता के बीच पैदा करना ताकि सेवा कर सकूं। जनता की सेवा ही भगवान की पूजा है।

***कांग्रेस में कुछ नहीं बचा***

पूर्व सीएम शिवराज ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि, कांग्रेस की सबड़े बड़ी नेत्री मैडम सोनिया ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। रायबरेली से इंदिरा जी भी चुनाव लड़ती थी, लेकिन अब रायबरेली से कांग्रेस को उम्मीदवार ही नहीं मिल रहा है। राहुल गांधी भी अमेठी से चुनाव लड़ते थे लेकिन वो भी अमेठी छोड़कर वायनाड चले गए हैं, रणछोड़दास बन गए हैं। कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने तो चुनाव लड़ने से ही इनकार कर दिया है क्योंकि उन्हे पता है कि, हम हार जाएंगे। अब कांग्रेस समाप्ति की ओर है, कांग्रेस में कुछ नहीं बचा है। इसलिए कांग्रेस के अच्छे विचारवान नेता कांग्रेस छोड़कर देश के विकास के लिए भाजपा में



शामिल हो रहें हैं। पूर्व सीएम ने कहा कि, कांग्रेस के जो नेता खुद अपना क्षेत्र छोड़क भाग रहें हों वो दूसरों को क्या जिताएंगे।

***पैसा नहीं, बहनों का मान-सम्मान है***

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, मैं जब सांसद विधायक नहीं था तब भी बेटियों की शादी करवाता था लेकिन उस वक्त 21 या 31 बेटियों की ही शादी करवा पाते थे। आप सभी का आशीर्वाद मिला तो मुख्यमंत्री बन गया और कन्या विवाह योजना के तहत लाखों बेटियों की शादी करवाई। ऐसे ही लाड़ली बहना योजना बनाई और एक झटके में 1 करोड़ 32 लाख बहनों के खाते में पैसे डाले। इस योजना ने बहनों की जिंदगी बदल दी। ये पैसा नहीं है बल्कि बहनों का मान-सम्मान हैं। पूर्व सीएम ने कहा कि, लाड़ली बहना योजना ऐसी है कि, हर राज्य को लागू करना पड़ेगा। श्री चौहान ने कहा कि, आज नवमी पर एक संकल्प और है कि, बहनों को लखपति दीदी बनाना है, लखपति का मतलब घर का कामकाज करते हुए हर बहन की सालाना आय 1 लाख रूपए से ज्यादा हो, बहनों को लखपति बनाकर ही चैन की सांस लूंगा।

***विदिशा बनेगा आदर्श लोकसभा***

पूर्व सीएम ने कहा कि, विदिशा संसदीय क्षेत्र को मिलकर आदर्श लोकसभा बनाना है। आप जीत का रिकॉर्ड बनाएं, मैं विकास का रिकॉर्ड बनाउंगा। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, अद्भुत काम करना है, योजनाओं का आदर्श क्रियान्वयन करना है। मैं और आप एक ही हैं, मैं नेता नहीं हूं, मामा हूं और बहनों का सगा भाई हूं। ये अपना परिवार है। भाजपा सरकार ने चारों तरफ सड़कों का जाल बिछाया है। सड़क हो, बिजली हो, पानी हो सभी विकास के काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हुए हैं। किसानों को सम्मान निधि, बेटा-बेटियों की पढ़ाई के लिए तय किया कि, गरीब किसान के बेटा-बेटी मेडिकल, इंजीनियरिंग पढ़ेंगे और फीस राज्य सरकार भरेगी, ताकी किसान के बेटा-बेटी भी डॉक्टर इंजीनियर बन सकें। मेधावी छात्रों को स्कूटी और लैपटॉप दिए। कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही है जो उनकी जिंदगी बदल रही है। उज्जवला योजना के तहत बहनों को गैस कनेक्शन दिए। अब जनता खुद ही कह रही है कि, अबकी बार 400 पार।

***मोदी जी ने अद्भुत भारत बनाया है***

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक गौरवशाली, वैभवशाली, शक्तिशाली, सम्पन्न और समृध्द भारत का निर्माण हो रहा है। मोदी जी ने अद्भुत भारत बनाया है। मोदी जी ऐसे नेता है जिनकी इज्जत पूरी दुनिया करती हैं। ये भारत का सौभाग्य है कि, प्रधानमंत्री श्रीमान नरेन्द्र मोदी जी हैं। पहले छोटे-छोटे से देश हमें डराते थे, लेकिन 2014 के बाद से पूरी दुनिया में भारता मान बढ़ा है। हमारा देश अभी दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और मोदी जी के तीसरे टर्म में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। मुझे पूरा विश्वास है कि, मोदी जी के नेतृत्व में ही भारत विश्व गुरू बनेगा।

# लोकसभा चुनाव में मध्यप्रदेश के भीतर भाजपा उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगी, जीतेंगे सभी सीटः शर्मा

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कटनी और पन्ना जिले के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर नुक्कड़ सभा, रक्तदान शिविर एवं सदस्यता अभियान में शामिल हुए

**कटनी/पन्ना।** लोकसभा चुनाव में पूरे मध्यप्रदेश में कांग्रेस पार्टी कहीं भी मुकाबले में नजर नहीं आ रही है। खजुराहो लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस की स्थिति ऐसी हो गई है कि वह फॉरवर्ड ब्लॉक जैसे संगठन का समर्थन कर रही है। फॉरवर्ड ब्लॉक संगठन वामपंथी विचार धारा को अपनाता है और नक्सलवाद व माओवाद का समर्थन करता है। खजुराहो में कांग्रेस पहले ही मैदान छोड़ चुकी है। इंडी गठबंधन के उम्मीदवार को भी यहां की जनता नकार चुकी है। खजुराहो सहित समूचे मध्यप्रदेश की जनता प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा को ऐतिहासिक बहुमत से जिताने का निर्णय कर चुकी है। भाजपा मध्यप्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों पर ऐतिहासिक मतों से चुनाव जीतेगी और श्री नरेन्द्र मोदी जी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कटनी जिले के मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र के लोकसभा चुनाव कार्यालय में कांग्रेस के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष व पार्षद सहित करीब 400 कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाने के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही है। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा मुड़वारा में आयोजित रक्तदान शिविर में शामिल हुए। इसके पश्चात पन्ना जिले के रैपुरा, मोहन्दरा



व सिपरिया मंडल के दर्जन भर से अधिक गांवों में जनसंपर्क कर संवाद किया। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा शोभायात्रा में भी शामिल हुए।

**कांग्रेस के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष सहित पार्षद, अधिवक्ता व समाजसेवी पार्टी में हुए शामिल**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कटनी जिले के मुड़वारा विधानसभा के लोकसभा चुनाव कार्यालय में कांग्रेस पार्टी के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष व पार्षद श्री राजकिशोर यादव, श्रीमती शीला सोनी, अधिवक्ता श्री रवीन्द्र गुप्ता, युवक कांग्रेस नेता श्री संजय जायसवाल, श्री विनोद छिरोल्या सहित 400 लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने पार्टी में शामिल होने वाले नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा परिवार में सभी को परिवार जैसा स्नेह मिलेगा। आज रामनवमी का बड़ा सौभाग्यशाली दिन है, आज इस अवसर पर आज सभी भाजपा परिवार में शामिल हुए हैं। मैं आप सबको विश्वास दिलाता हूं कि आप सभी को भाजपा में परिवार जैसा मान-सम्मान मिलेगा।

**पीढ़ियों की प्रतीक्षा के बाद भगवान श्रीराम का सूर्य तिलक देखने को मिला**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि आज रामनवमीं के अवसर पर अयोध्या में भगवान श्री राम की प्रतिमा का सूर्य तिलक का सुंदर नज़ारा दुनिया ने देखा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कहा कि आज ऐसा लग रहा है जैसे देश का अमृतकाल प्रारम्भ हो गया है। अयोध्या में आज का नजारा बता रहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में नए भारत का उत्कर्ष और अमृतकाल की शुरूआत हो चुकी है। पांच सौ वर्षों के संघर्ष और पीढ़ियों की प्रतीक्षा के बाद प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में अयोध्या में श्रीराम का मंदिर निर्माण हुआ और भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा हुई। इस दृश्य को देखने पीढ़ियों तक लोगों ने प्रतीक्षा की थी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा विधायक श्री संदीप जायसवाल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले युवाओं, महिलाओं का हौसला बढाते हुए कहा कि रक्तदान महादान और बहुत पुनीत कार्य है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने पन्ना जिले के रैपुरा, मोहन्दरा और सिपरिया मंडल के एक दर्जन से अधिक गांवों में जनसंपर्क किया और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के गरीब कल्याण, विकास और लाभार्थी योजनाओं की जानकारी जनता को देते हुए भारतीय जनता पार्टी को वोट देने की अपील की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का कोई अस्तित्व नहीं बचा है। कांग्रेस चुनाव में स्वयं मुकाबला नहीं कर सकती इसलिए पहले ही खजुराहो में मैदान छोड़ चुकी है। फिर इंडी गठबंधन में शामिल समाजवादी पार्टी को समर्थन दिया। यह वही समाजवादी पार्टी है, जिसने कार सेवकों और रामभक्तों के ऊपर गोलियां चलवाई थी।

# मध्य प्रदेश में थमा पहले चरण का चुनाव प्रचार, मतदान से पहले भाजपा-कांग्रेस ने लगाया जोर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में शामिल सीटों के लिए प्रचार बुधवार शाम छह बजे से थम गया। बालाघाट लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नक्सल प्रभावित विधानसभा क्षेत्र बैहर, लांजी और परसवाड़ा में चार बजे से रैली, सभा और रोड शो प्रतिबंधित हो गए। प्रचार के अंतिम दिन भाजपा और कांग्रेस ने जोर लगाया। मुख्यमंत्री डा.



मोहन यादव छिंदवाड़ा, वारासिवनी, डिंडौरी और जबलपुर में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया तो कमल नाथ ने छिंदवाड़ा में तीन सभाएं कीं। मतदान 19 अप्रैल को सुबह सात से शाम छह बजे तक होगा। पहले चरण के चुनाव में मध्य प्रदेश की सीधी, शहडोल, मंडला, बालाघाट, जबलपुर और छिंदवाड़ा लोकसभा सीटें शामिल हैं। यहां 80 प्रत्याशी मैदान में हैं। बुधवार को प्रचार के अंतिम दिन भाजपा और कांग्रेस ने सभाएं कीं।

# 25 अप्रैल तक आयेंगे एमपी बोर्ड 10वीं और 12वीं के परिणाम

भोपाल। माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिम) की 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा की एक करोड़ 10 लाख उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है। अब सिर्फ एक प्रतिशत वो उत्तरपुस्तिकाएं जांची जा रही हैं, जिन्हें किसी कारण से होल्ड कर दिया गया था। मंडल के अधिकारियों का कहना है कि मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है। अब रिजल्ट तैयार करने का काम चल रहा है। इसमें 10 दिनों का समय लगेगा। अप्रैल के अंतिम सप्ताह यानी 22 से



25 अप्रैल तक परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। एमपी बोर्ड दोनों कक्षाओं का रिजल्ट इस बार भी एक साथ ही आएगा।

बता दें कि 10वीं व 12वीं में करीब 17 लाख विद्यार्थी शामिल हुए हैं। इस बार 12वीं के विद्यार्थियों को रसायनशास्त्र में दो बोनस अंक भी मिलेंगे। मंडल के अधिकारियों ने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं को जांचने का लक्ष्य पांच अप्रैल तक रखा गया था, लेकिन समय से मूल्यांकन कार्य पूरा नहीं हो सका। शिक्षकों को तेजी से डाटा एनालिसिस कर मूल्यांकन करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि इस माह के अंतिम सप्ताह तक रिजल्ट घोषित किया जा सके।

# भाजपा देश के संविधान को पूरी तरह खत्म कर रही हैः अजय सिंह

## सीधी से कमलेश्वर पटेल को जिताकर उनके हाथ मजबूत करें





**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- सीधी।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष और विधायक अजय सिंह ने आज चुरहट विधानसभा क्षेत्र के हनुमानगढ़ में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की मानसिकता ही ठीक नहीं है। पहले वह वह हिंदू मुसलमान करती रही और अब अन्य समाजों में भी लड़ाई करवा रही है। हमारी लड़ाई तो संविधान बचाने की है। यह लोग बार-बार 400 पार का नारा इसलिए देते हैं ताकि संविधान को बदल दें, लेकिन कांग्रेस पार्टी ऐसा नहीं होने देगी। यह तभी संभव है जब हम हर क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवारों को जिताकर लोकसभा में भेजें। इस चुनाव में हमें सीधी लोकसभा क्षेत्र से भाई कमलेश्वर पटेल को हर हालत में जिता कर लोकसभा में भेजना है।

उन्होंने कहा कि आपने मुझे यहां से विधायक चुनकर भोपाल भेजा और यदि कमलेश्वर पटेल दिल्ली पहुंच जाते हैं तो हमारे हाथ और मजबूत होंगे। जिस तरह आपने हमें चुनकर भोपाल भेजा है। इसी तरह अब कमलेश्वर पटेल को भी भारी बहुमत से विजयी बनाकर लोकसभा में भेजें। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार संविधान को बचाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने हजारों किलोमीटर पैदल चलकर भारत की आम जनता का दुःख-दर्द समझा और उसके अनुरूप कांग्रेस का घोषणा पत्र तैयार किया है। अब हमारी जिम्मेदारी है कि कमलेश्वर पटेल को भारी बहुमत से जिताकर लोकसभा में भेजकर कांग्रेस और राहुल जी के हाथ मजबूत करें।

# प्रधानमंत्री मोदी 25 अप्रैल को मुरैना आएंगे



**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- मुरैना।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 अप्रैल को मुरैना आएंगे। कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह भदोरिया ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी तय कार्यक्रम अनुसार मुरैना नगर में प्रातः 10:00 बजे आमसभा को संबोधित करेंगे।

# राम जन्म उत्सव पर बुजुर्गों ने संकीर्तन कर आरती उतारी

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- ग्वालियर।** रामनवमी के अवसर पर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान के बुजुर्गों ने बड़ी धूमधाम से मनाया। उद्योगपति ललित गुप्ता एवं संगीता गुप्ता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इण्डस्ट्रियल एरिया बिरलानगर में रामजानकी मंदिर पर प्रातः वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान के कार्यकर्ता एकत्रित हुये, कीर्तन किया एवं धर्मसभा के बाद भगवान श्रीराम की आरती की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में अध्यक्ष इंजी. एस.के.गुप्ता, संयुक्त अध्यक्ष मुकेश जैन, उपाध्यक्ष नवरतन



अतरोलिया, हजीरा शखा के अध्यक्ष हरेन्द्र सिंह, सचिव कमल पटेल, वरिष्ठ सदस्य जोसफ अलकजेण्डर, अशोक प्रेमी, पी.पी. चौबे आदि अनेक सदस्यों ने भगवान श्रीराम की आरती उतारी।

धर्मसभा को सम्बोधित करते हुये डॉ. पं. ओमप्रकाश पटसारिया ने राम जन्म उत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला। कु. खुशी जैन को योग्य पुत्री के सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विष्णुनारायन तिवारी एवं रमेश रजक ने भजनों की प्रस्तुती की। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान के पदाधिकारी, सदस्यगण एवं

# भोपालः छात्रा से स्कूल वैन ड्राइवर ने किया दुष्कर्म

## 49 दिन तक बंधक बनाए रखा, 10वीं के आखिरी पेपर के दिन किया था किडनैप

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में नाबालिग छात्रा (16) से अपहररण के बाद दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। आरोपी स्कूल वैन ड्राइवर है। अपहरण के 49 दिन बाद पुलिस छात्रा को बरामद कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार छात्रा को 26 फरवरी को थाना शाहजहांनाबाद इलाके से अग्वा किया गया था। दसवीं कक्षा की छात्रा 10बोर्ड का आखिरी पेपर देने गई थी। वारदात को पीड़िता के स्कूल वैन के चालक ने अंजाम दिया। किशोरी को 49 दिन तक जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के अहीरपुरा में बंधक बनाकर रखा गया। इस



दौरान पीड़िता के साथ कई बार ज्यादती की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मंगलवार की रात को किशोरी को मुक्त कराया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

एसआई पवन सेन ने बताया कि 16 वर्षीय किशोरी ईदगाह हिल्स की रहने वाली है। वह शाहजहांनाबाद इलाके के सरकारी स्कूल में 10 वीं कक्षा में पढ़ती है। आरोपी अभिषेक सराठे (34) स्कूल वैन का चालक है। उसकी वैन से किशोरी स्कूल जाती थी।

लड़की की बोर्ड परीक्षा होने के कारण सेंटर केंब्रिज स्कूल लोअर ईदगाह हिल्स आया था। आखिरी परीक्षा देने के बाद 26 फरवरी को किशोरी घर नहीं लौटी। देर शाम तक परिजनों ने उसकी तमाम रिश्तेदार और परिचितों के अलावा सहेलियों के घर तलाश की। कहीं कुछ जानकारी नहीं मिलने पर परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई।

**ऐसे आरोपी तक पहुंची पुलिस**

एसआई ने बताया कि लड़की के परिजनों ने वैन चालक पर अपहरण की शंका जाहिर की थी। उसके घर तस्दीक करने पर वह नहीं मिला। उसका मोबाइल नंबर भी लगातार बंद जा रहा था। लिहाजा पुलिस ने मुखबिरों को सक्रिय किया। मुखबिर की सूचना के आधार पर मंगलवार की देर रात पुलिस ने लड़की को अहीरपुरा के एक कमरे से मुक्त कराया।

**शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया**

पीड़िता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वैन चालक उसे अग्वा कर ले गया था। शुरुआती दिनों में शहर के बाहर घुमाता रहा। 40 दिन पहले आरोपी ने जहांगीराबाद में किराए का मकान लिया। यहां उसने पीड़िता को साथ रखा। बालिग होने पर शादी करने का झांसा देकर कई बार ज्यादती की। लड़की को मुक्त कराने के बाद पुलिस ने उसका मेडिकल परीक्षण कराया, जिसमें रेप की पुष्टि होने पर पॉस्को और रेप की धाराओं में इजाफा किया।

# अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ परिसर को होगा विस्तार आइआइएम इंदौर में 432 करोड़ रुपये से अभ्युदय

**इंदौर।** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आइआइएम) इंदौर में बुधवार को 8वें प्रोजेक्ट 'अभ्युदय' परियोजना का उद्घाटन किया गया। यह प्रोजेक्ट 432 करोड़ रुपये से तैयार होगा, जिसमें अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ परिसर का विस्तार किया जाएगा। इसके उद्घाटन दौरान आइआइएम इंदौर के निदेशक प्रो. हिमांशु राय ने राम नवमी के अवसर के पर स्वयं पुरोहिती कर्तव्यों का पालन करते हुए पारंपरिक वैदिक पद्धति के साथ भूमि पूजन किया।

इस अवसर पर प्रो. हिमांशु राय ने कहा कि अभ्युदय आइआइएम इंदौर के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। यह विस्तार संस्थान की शैक्षणिक सुविधाओं को बेहतर करेगा। यह परियोजना विकास और नेट-जीरो कैंपस की ओर बढ़ने में मददगार साबित होगा। परियोजना के तहत सोलर पावर सिस्टम और सोलर वाटर हीटिंग जैसी पर्यावरणीय प्रौद्योगिकियों के जरिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता को कम किया जाएगा। इससे परिसर के कार्बन फुटप्रिंट में काफी कमी आएगी।

इसके अलावा अत्याधुनिक सीवेज उपचार संयंत्र से अपशिष्ट जल के रीसाइकक्लिंग, पानी की खपत को कम करने और पर्यावरण प्रदूषण को रोकने में मदद मिलेगी। साथ ही



भूनिर्माण योजनाओं में देशी पौधों की प्रजातियों का उपयोग और हरित स्थानों का विकास किया जाएगा।

**बड़ी संख्या में तैयार होंगी कक्षाएं और कार्यालय**

इस परियोजना के तहत शैक्षणिक सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा। इसमें बहुमंजिला छात्रावास ब्लाकों में 870 छात्रों को समायोजित करने के लिए एक नया शैक्षणिक भवन तैयार किया जाएगा। इसमें 32 फैकल्टी सदस्यों के लिए रेसीडेंशियल क्वार्टरों के साथ 70 फैकल्टी और 70 कर्मचारियों के लिए कार्यालय तैयार किए जाएंगे। इसके अलावा 150 व्यक्तियों की क्षमता वाली छह बड़ी कक्षाएं, 75 व्यक्तियों की क्षमता वाली छह कक्षाएं और 30 प्रतिभागियों की क्षमता के लिए तीन छोटी कक्षाएं रहेंगी। साथ ही फैकल्टी लाउंज और एडमिनिस्ट्रेश डिपार्टमेंट के लिए 70 नए कार्यालय होंगे। एक आधुनिक कैफेटेरिया भी होगा। इसके अलावा एक एमडीसी अकादमिक ब्लाक और इंक्यूबेशन सेंटर भी होगा।

**जीआरआइएचए-5 स्टार वाली इमारतें और ई-चार्जिंग की सुविधा**

रेसिडेंस एरिया में 870 सिंगल रूम वाले होस्टल का निर्माण होगा। हर कमरे में एक बाथरूम रहेगा। साथ ही विजिटिंग फैकल्टी और मेहमानों के लिए एक एमडीसी रेसिंडेस ब्लाक तैयार होगा। इसके अलावा ग्रीन रेटिंग फार इंटेग्रेटेड हेबिटैट एसेसमेंट (जीआरआइएचए) 5 स्टार वाली इस परियोजना में इमारतों को धूप और वेंटिलेशन को अधिकतम करने के लिए तैयार की गई है। इससे आर्टिफिशियल कूलिंग और हीटिंग पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

इसके अलावा संस्थान की 30 प्रतिशत पार्किंग में ई-चार्जिंग कियोस्क लगाकर इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके अलावा एयर हैंडलिंग इकाइयों में एमईआरवी-8 फिल्टर और यूवीजीआइ सिस्टम की स्थापना से हवा की गुणवत्ता में काफी सुधार होगा।

स्वामित्वधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए मैं. गुरूकृपा प्रकाशन प्रेस टीआईटी कॉम्पलैक्स मुरैना से मुद्रित एवं प्रकाशित, आरएनआई नं. MPHIN/2003/09780
संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे, सहायक संपादक गोपाल सिकरवार 9826949508, महाप्रबंधक श्याम शिवहरे सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरैना न्यायालय होगा।